इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -111 राजनांदगांव, बुधवार 06 मार्च 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## '24 घंटे में मिल जाएगी जानकारी, सबसे बड़े बैंक को ढाल बना रही मोदी सरकार', चुनावी बॉन्ड को लेकर खरगे का केंद्र पर हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा चुनावी बॉन्ड विवरण का खुलासा करने के लिए अधिक समय मांगने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने पर केंद्र पर हमला बोला। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए देश के सबसे बड़े बैंक को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रही है।



### 30 जून तक मांगा समय

भारतीय स्टेट बैंक ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक की मोहलत मांगी है। पिछले महीने अपने फैसले में, शीर्ष अदालत ने एसबीआई को 6 मार्च तक चुनाव पैनल को विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

### खरगे ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर कांग्रेस का मानना है कि यह अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और समान अवसर को नष्ट करने वाली है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार चुनावी बॉन्ड के माध्यम से अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए हमारे देश के सबसे बड़े बैंक को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रही है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने मोदी सरकार की चुनावी बॉन्ड की काला धन रूपांतरण योजना को असंवैधानिक, आरटीआई का उल्लंघन और अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया था। साथ ही, एसबीआई को 6 मार्च तक दानकर्ता का विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था। खरगे ने कहा, ÷बीजेपी चाहती है कि यह लोकसभा चुनाव के बाद किया जाए। इस लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म होगा और एसबीआई 30 जून तक डेटा साझा करना चाहता है। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा इस धोखाधड़ी वाली योजना की मुख्य लाभार्थी है। उन्होंने पूछा, 'क्या सरकार आसानी से भाजपा के संदिग्ध सौदों को नहीं छिपा रही है, जहां राजमार्गों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, बिजली संयंत्रों आदि के अनुबंध इन अपारदर्शी चुनावी बॉन्डों के बदले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबियों को सौंप दिए गए थे।' उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, ÷अब हताश मोदी सरकार, तिनके का सहारा लेकर, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को विफल करने के लिए एसबीआई का उपयोग करने की कोशिश कर रही है!

### कांग्रेस सांसद ने सुप्रीम कोर्ट से किया आग्रह

वहीं, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी सरकार पर निशाना साधा और सुप्रीम कोर्ट से एसबीआई की याचिका को अनुमति नहीं देने का आग्रह किया। तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, सुप्रीम कोर्ट को @TheOfficialSBI को चुनावी बॉन्ड पर अपनी चालाकी से बच निकलने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। तिवारी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट को दाता की असली पहचान उजागर करने के लिए एसपीवी के चुनावी ट्रस्टों के कॉर्पोरेट पर्दे को हटाने का आदेश देना चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत ने सुनिश्चित किया हिंद महासागर में नहीं दिखाएगा कोई ताकत

**रक्षा मंत्री ने चीनी सैन्य आक्रामकता पर दिया सीधा संदेश**



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद महासागर क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में सोमवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी।

### भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है

गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था। नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है।

## लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को लगा झटका, पूर्व विधायक मंतूराम पवार भाजपा में हुए शामिल



कांकेर। कांग्रेस के पूर्व विधायक मंतूराम पवार फिर भाजपा में शामिल हो गए है। उन्होनें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। 2014 में अंतागढ़ में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्यासी रहे मंतूराम पवार ने अपना नामांकन वापस ले उपचुनाव में भाजपा को वाकओवर दे दिया था। इस घटना के बाद कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से बाहर किया था। जिसके कुछ माह बाद वे भाजपा की सदस्यता ले ली थी और 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में अंतागढ़ से भाजपा के टिकट की दावेदारी भी की थी पर भाजपा ने उन्हें टिकट न देते हुए विक्रम उसेंडी को टिकट दिया था। इस चुनाव में भाजपा अंतागढ़ विधानसभा का चुनाव हार गई थी साथ ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गई। इसके बाद से पूर्व विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया था। उनके और दामाद पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना पखांजूर में मामला भी दर्ज कराया था, जिसके बाद भाजपा ने उन्हें बाहर कर दिया था। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पूर्व विधायक फिर भाजपा में लौट आए है। उन्होंने बताया की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप तो लगते ही रहते है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महाकाल के दर पर पहुंचे राहुल गांधी, गर्भगृह में नहीं मिली एंट्री तो चांदी द्वार से की पूजा-अर्चना



उज्जैन। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार दोपहर उज्जैन पहुंची. इस दौरान राहुल सबसे पहले महाकाल मंदिर पहुंचे, लेकिन गर्भ गृह में प्रवेश की अनुमति नहीं होने पर उन्होंने चांदी द्वारा से महाकाल बाबा की पूजा की. उनके लौटने के दौरान गणेश मंडपम में कुछ श्रद्धालुओं ने 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए, वहीं कुछ ने राहुल गांधी के नाम के भी नारे लगाए. इसके बाद राहुल गांधी ने जीप में सवार होकर रोड शो किया, जो मुख्य मार्ग से होता हुआ देवास गेट पर पहुंचा. जहां उन्होंने सभा को भी संबोधित किया.

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मक्सी रोड से होते हुए दोपहर 3.30 बजे उज्जैन पहुंची. शहर आते ही राहुल सीधे महाकाल मंदिर पहुंचे. जहां पुजारियों ने मंत्रोच्चार कर उनसे पूजा करवाई. इसके बाद राहुल ने उन्हें दक्षिणा दी. तत्पश्चात राहुल नंदी हाल में पहुंचे और कुछ मिनट बैठने के बाद वहां से रवाना हुए. इस दौरान गणेश मंडपम में मौजूद दर्शनार्थियों ने मोदी-मोदी के नारे लगाना शुरू कर दिया तो कांग्रेस समर्थकों ने राहुल के नारे लगाए.

### पौन घंटे में रोड शो खत्म

महाकाल दर्शन के तुरंत बाद राहुल गांधी का महाकाल चौराहे से रोड शो शुरू हुआ जो गुदरी, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, सती गेट, कंठाल चौराहा, नई सड़क फवारा चौक, दौलतगंज, मालीपुर होते हुए देवास गेट पहुंचा. करीब 4 घंटे के रोड शो के दौरान जगह-जगह कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का स्वागत किया. रोड शो के बाद राहुल गांधी ने देवास गेट चौराहे पर जीप से ही सभा को संबोधित किया. करीब 25 मिनट तक दिए भाषण में उन्होंने जातिगत आरक्षण को लेकर भी बात कही. इसके बाद राहुल गांधी का काफिला यहां से इंगोरिया रवाना हो गया. रात वहां रुकने के बाद वे बुधवार को धार रवाना होंगे.

### 461 दिन बाद आए उज्जैन

बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान करीब 461 दिन पहले उज्जैन आए थे. 29 नवंबर 2022 में उज्जैन आने के दौरान भी उन्होंने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया था. उस दौरान उन्होंने प्रदेश में 2023 में कांग्रेस सरकार बनने के दावे किया था.

## न्यूज प्रिंट की लागत बढ़ने से पब्लिशर्स ने की कस्टम ड्यूटी माफ करने की मांग, मीडिया समूहों के लिए INS आया आगे

नई दिल्ली। दि इंडियन न्यूज पेपर सोसायटी (आईएनएस) ने सरकार से न्यूज प्रिंट के आयात पर लगने वाले पांच प्रतिशत शुल्क को समाप्त करने का आग्रह किया है, ताकि अखबार की लागत को कम किया जा सके। आईएनएस ने अपने बयान में कहा है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता, लॉजिस्टिक लागत में बढ़ोतरी, डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में कमी और सीमा शुल्क जैसे कई कारणों से देश के प्रकाशकों का वित्तीय भार बढ़ गया है।

बयान में कहा गया है कि रूस व यूक्रेन के बीच लड़ाई के साथ पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से वैश्विक सप्लाई चेन के साथ न्यूज प्रिंट की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि ऐसे में सरकार अगर न्यूज प्रिंट के आयात पर लगने वाले पांच प्रतिशत के शुल्क को वापस ले लेती है तो इससे प्रिंट मीडिया उद्योग को बड़ी राहत मिलेगी।

प्रकाशक को अपनी लागत के प्रबंधन में आसानी होगी और वे जनता तक विश्वसनीय खबर व सूचनाएं निर्बाध तरीके से पहुंचाते रहेंगे। आईएनएस के बयान के मुताबिक, लाल सागर में व्यवधान की वजह से अनिवार्य वस्तुओं के साथ न्यूज पेपर का आयात भी प्रभावित हो रहा है। न्यूज पेपर सप्लायर पुराने ऑर्डर को रद्द कर रहे हैं। कई न्यूज प्रिंट मिल ने अपने संचालन को इन वजहों से निलंबित कर दिया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी आज करेंगे देश के पहले अंडर वॉटर मेट्रो का उद्घाटन, 45 सेकंड में तय होगी 520 मीटर की दूरी



कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को देश की पहली अंडर वॉटर मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन करेंगे. कोलकाता की अंडर वॉटर मेट्रो का निर्माण हुगली नदी के नीचे कराया गया है. कुछ दिनों पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कोलकाता मेट्रो रेल सेवाओं की समीक्षा की थी. अब इसे प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को देश को समर्पित करेंगे. अंडर वॉटर मेट्रो के अलावा पीएम मोदी कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय और तारातला-माझेरहाट मेट्रो खंड का भी उद्घाटन करेंगे.

ये अंडर वॉटर मेट्रो टनल हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड सेक्शन के बीच दौड़ेगी. अंडर वॉटर मेट्रो टनल हुगली नदी के तल से 32 मीटर नीचे चलेगी. कोलकाता मेट्रो हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड टनल भारत में किसी भी नदी के नीचे बनाए जाने वाली पहला ट्रांसपोर्ट टनल है. उम्मीद है कि मेट्रो हुगली नदी के नीचे 520 मीटर की दूरी 45 सेकंड में तय कर लेगी. कुछ अंडर वॉटर मेट्रो रूट ईस्ट-वेस्ट कोरिडोर (ग्रीन लाइन) का हिस्सा है, जिसमें हावड़ा मैदान से एस्प्लनेड तक 4.8 किमी रूट बनकर तैयार है. इसमें 4 अंडरग्राउंड स्टेशन हैं- हावड़ा मैदान, हावड़ा स्टेशन, महाकरण और एस्प्लनेड हावड़ा स्टेशन जमीन से 30 मी. नीचे बना है. ये दुनिया में सबसे गहराई में बना मेट्रो स्टेशन हैं. अभी पानी के नीचे मेट्रो रूट लंदन और पेरिस में ही बना है.

हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड के बीच पानी के नीचे मेट्रो सुरंग टनल पर कोलकाता मेट्रो रेलवे के जनरल डायरेक्टर उदय कुमार रेड्डी ने कहा, हम नदी के पानी के स्तर से लगभग 16 मीटर नीचे यात्रा कर रहे हैं. हम प्रतिदिन 7 लाख यात्रियों की संख्या की उम्मीद कर रहे हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)


## 7 भारतीयों को धोखे से रूस ने आर्मी में किया भर्ती, वीडियो के जरिए लगाई भारत से मदद गुहार



नई दिल्ली। नया साल मनाने के लिए रूस 7 भारतीयों को वहां की आर्मी ने जबरन आर्मी में भर्ती कर यूक्रेन से जंग के लिए युद्ध के मैदान में उतार दिया। रूस ने 7 भारतीयों को धोखे से आर्मी में भर्ती किया और फिर उन्हें जबरन उन्हें यूक्रेन से जंग के लिए युद्ध के मैदान में उतार दिया। अब इन भारतीयों ने एक वीडियो जारी कर अपनी आपबीती बताई और भारत से मदद गुहार लगाई है। पंजाब के होशियारपुर के युवाओं के रहने वाले इन 7 भारतीयों ने दावा किया है कि उन्हें रूस में सैन्य सेवा में धोखा दिया गया था और उन्हें यूक्रेन के खिलाफ मास्को का युद्ध लड़ना पड़ा।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी 105 सेकंड के वीडियो में सात लोग हुड या स्कल कैप के साथ शीतकालीन सैन्य जैकेट पहने हुए हैं। वे एक गंदे कमरे के अंदर खड़े हैं जिसके एक छोर पर एक बंद खिड़की है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि छह लोग एक कोने में छिपे हुए हैं, जबकि सातवां - जिसका नाम गगनदीप सिंह बताया जा रहा है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## फेसबुक और इंस्टाग्राम सर्वर डाउन, यूजर्स के अकाउंट अपने आप हो रहे लॉगआउट




नई दिल्ली। मेटा के सर्वर में तकनीकी दिक्कतों के चलते फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड यूजर्स को काफी परेशानी हुई। भारत समेत दुनियाभर में मेटा यूजर्स के अकाउंट अपने आप ही लॉगआउट होने लगे। इसके बाद यूजर्स को अपने अकाउंट को लॉगइन करने में काफी परेशानी हो रही थी। मेटा की मैसेजिंग सर्विस वाट्सएप पर इसका असर देखने को नहीं मिला।

मेटा यूजर्स ने एक्स अकाउंट पर सर्वर डाउन को लेकर क किए हैं। कहा गया है कि मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम पर फीड लोड नहीं हो रही है और न ही वह कुछ कर पा रहे हैं। यूजर्स के साथ ऐसा क्यों हो रहा है इस बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। डाउनडिटेक्टर ने बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम पर यूजर्स को इन दिक्कतों का सामने भारतीय समयानुसार करीब 8.30 मिनट के बाद शुरू हुई। डाउनडिटेक्टर ने बताया कि करीब 77 प्रतिशत ऐप यूजर्स को दिक्कत हुई। वहीं 21 प्रतिशत वेब यूजर्स ने डाउन रिपोर्ट किया है। डाउनडिटेक्टर ने इंस्टाग्राम को लेकर कहा कि ऐप के 72 प्रतिशत यूजर्स को इस दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं 20 प्रतिशत यूजर्स को लॉगइन में परेशानी हो रही थी।

### मेटा का आया रिएक्शन

फेसबुक और इंस्टाग्राम के डाउन को लेकर मेटा की तरफ से प्रतिक्रिया दी गई है। मेटा के प्रवक्ता ने कहा कि हम जानते हैं कि लोगों को हमारी सेवाओं तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। हम अभी इस पर काम कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रामलला दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ से रवाना हुए 850 श्रद्धालु : सीएम साय ने आस्था स्पेशल ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



रायपुर। छत्तीसगढ़ के राम भक्तों को रामलला के दर्शन कराने छत्तीसग? से अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना हो गई है। आज बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है।

इस मौके पर रेलवे स्टेशन जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। ढोल नगाड़े बजाये गए। इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी पांच जिलों के 850 श्रद्धालुओं रवाना किया गया है। 12 कोच वाली इस ट्रेन में एक बार में छत्तीसगढ़ के करीब 850 श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा सकेंगे। रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा, जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। आने वाले समय में अयोध्या के साथ-साथ इस ट्रेन के माध्यम से काशी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन और प्रयागराज तीर्थ भ्रमण की व्यवस्था भी की जाएगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, दयाल दास बघेल, विधायक मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, राजेश मूणत समेत बीजेपी नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रायपुर रेलवे स्टेशन को सजाया गया है। लागों में काफी उत्साह है। बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ से लोग रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन में आस्था स्पेशल ट्रेन को रवाना करते समय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गई। इसके साथ ही ढोल नगाड़े बजाये गए। ट्रेन में भजन कीर्तन करते ट्रेन रवाना हुई। रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन सुबह साढ़े 10 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## पश्चिम बंगाल सरकार ने शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपने से किया इनकार



नई दिल्ली। संदेशखाली में जबरन वसूली, जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपी और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शाहजहां शेख की हिरासत को पश्चिम बंगाल सरकार ने सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया है. कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को सौंपने के लिए कहा था. अदालत के आदेश के मुताबिक, पुलिस को शाम साढ़े चार बजे तक शाहजहां शेख की हिरासत और मामले से जुड़ी सामग्री सीबीआई को सौंपनी थी.

कोलकाता स्थित पुलिस मुख्यालय से शाम 7.30 बजे सीबीआई की एक टीम खाली हाथ निकल गई. इसका कारण राज्य ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और इसलिए शीर्ष अदालत के फैसले तक शाहजहां को सौंपने से इनकार कर दिया. इससे पहले आज हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस को ÷पूरी तरह से पक्षपाती माना और शाहजहां के खिलाफ आरोपों की निष्पक्ष, ईमानदार और पूर्ण जांच के लिए कहा. कोर्ट ने कहा गया है, इससे बेहतर कोई मामला नहीं हो सकता. जिसे स्थानांतरित करने की आवश्यकता है (और) इसकी जांच सीबीआई द्वारा की जानी चाहिए.

बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. हालांकि शीर्ष अदालत ने तत्काल सुनवाई की उसकी अपील को खारिज कर दिया है. शीर्ष अदालत ने राज्य से रजिस्ट्रार-जनरल के समक्ष अपनी याचिका का उल्लेख करने को कहा है. मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अगुवाई वाली हाईकोर्ट की पीठ ने सीबीआई और राज्य के पुलिस अधिकारियों के एक विशेष जांच दल गठित करने के पहले के आदेश को रद्द कर दिया और मामले को केंद्रीय एजेंसी को सौंप दिया. प्रवर्तन निदेशालय और राज्य दोनों ने उस आदेश को अलग-अलग चुनौती दी थी. ईडी चाहती थी कि मामला केवल सीबीआई को दिया जाए, जबकि राज्य की मांग थी कि पुलिस जांच संभाले.

### ईडी ने जब्त की 12.78 करोड़ रुपये की संपत्ति

ईडी ने कहा कि आज उसने शाहजहां शेख मामले के संबंध में 12.78 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मुसलमानों ने मोदी को अपना नेता मान लिया है-सद्दाम खान

## कांग्रेस लोगों को बांटने काम करती है... अल्पसंख्यक को वोट बैंक मानती है-डॉ. सलीम राज



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सद्दाम खान ने भाजपा कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता लेते हुए कहा कि देश के मुसलमानों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना नेता मान लिया है। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले मोदी मुसलमानों को एक हाथ में कम्प्यूटर और एक हाथ में कुरान की बातें कहकर मुसलमानों को तरक्की की राह पर ले जाना चाहते है, लेकिन कांग्रेस मुसलमानों को डराकर रखना चाहती है और बांटने की राजनीति करती है।

कांग्रेस मुस्लमानों को भाजपा एवं आरएसएस का भय दिखाती है कि तुम्हें पाकिस्तान भेज दिया जाएगा। जबकि मुसलमान मोदी के राज में भयमुक्त है। दंगा मुक्त भारत में मुसलमान बिना डर भय के रह रहा है। मोदी जी सबका साथ सबका विकास के नारे पर चलकर अल्पसंख्यकों को पीएम आवास, उज्जवला रसोई गैस कनेक्शन, घरों में नल, प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड और प्रतिव्यक्ति राशन बिना भेद भाव के उपलब्ध करा रहे है। जबकि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का कह कर इनका हक मारने का काम किया है। अल्पसख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी श्री सद्दाम ने कहा कि भगवान श्री राम लला का अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर हिन्दू भाइयों का आस्था का केन्द्र है। उस पर भी कांग्रेस ने राजनीति की। वोटो की राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी देश को समस्या के गर्त में ले जाना चाहती है। यही वजह है कि कांग्रेस से लोग छिटक रहे है और मुस्लिम समाज भी भाजपा के पक्ष में आ रहा है। उन्होंने ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार जो योजना चला रही है। इसका 35 प्रतिशत लाभ मुसलमानों को मिला है। तीन तलाक के नाम पर नाटकीय जिन्दगी जी रही मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति मिली है।

श्री सद्दाम ने कहा कि भाजपा मुस्लिमों को देश की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए राजनीति क्षेत्र में भी उन्हें सामने लाने का प्रयास करती है। बशर्ते वह देश प्रेमी हो, अच्छा नागरिक हो। प्रेसवार्ता में उपस्थित पूर्व हज कमेटी के डॉ. सलीम राज ने बताया कि उत्तरप्रदेश भाजपा ने 100 के आसपास मुस्लिमों को टिकट दी है। यूपी में 70 प्रतिशत मुसलमानों के गढ़ में भाजपा जीती है। डॉ. अब्दुल सलाम साहब को केरल से टिकट दिया है। बीजेपी ने चार-चार मुसलमानों को उच्च सदन में भेजा है। जबकि कांग्रेस की नीति भेद भाव पूर्ण है। यही वजह है कि देश का राष्ट्र भक्त मुसलमान तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस के पास कोई लीडर नहीं होने की बात कहते हुए राहुल गांधी पर तंज किया कि मुहब्बत की कोई दुकान नहीं होती। नफरत फैलाने वाले लोग मुहब्बत की दुकान चला रहे है।

ऐसे लोगों की अक्ल पर लोगों को विचार करना चाहिए कि वह क्या सोचते है। डॉ. राज ने कहा कि भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा 2024 का लक्ष्य लेकर चल रही है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतों से जीतेगी। जीत का आंकड़ा 400 के पार जाएगा। प्रेसवार्ता का संचालन भाजपा के हाकिम खान ने किया। इस दौरान भाजपा अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इरफान शेख, जहीर अब्बास, रफीक खान, सलीम खान, शेख आसिफ, राहुल शैली, रघुनाथ भाटिया, प्रिंस भाटिया, अनील जैन आदि सहित बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के लोग व भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नारी शक्ति वंदन अभियान में आज पीएम मोदी करेंगे संवाद

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 06 मार्च को नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत सुबह 10 बजे देशभर के स्व-सहायता समूहो, महिला एनजीओ व महिला संगठनों से वर्चुअल संवाद करेंगे, जिसकी जिले में व्यापक तैयारी की गई है।

प्रत्येक मंडलों में सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में संगठन की ओर से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व जनप्रतिनिधियों को अतिथि बनाकर भेजा जा रहा है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस अभियान के तहत राजनांदगांव ग्रामीण मंडल के ग्राम सुरगी में शहर दक्षिण मंडल का गॉधी सभागृह में, शहर उत्तर मंडल का देवांगन भवन चिखली में, डोंगरगांव मंडल का नगर पंचायत सभागृह में, कुमर्दा मंडल का हल्बा धर्मशाला में, छुरिया मंडल का नगर पंचायत सभागृह में, डोंगरगढ़ शहर का नगरपालिका परिषद् सभागृह में, डोंगरगढ़ ग्रामीण का ग्राम मुरमुंदा में लालबहादुर नगर मंडल का लालबहादुर नगर में तथा घुमका मंडल का पंचायत भवन घुमका में मोदी जी का वर्चुअल संवाद आयोजित है।

इस कार्यक्रम को एल.ई.डी. स्क्रीन में प्रसारित करने की योजना है तथा अधिक से अधिक संख्या में महिला बहनें इस कार्यक्रम से जुड़े इस हेतु अभियान चल रहा है। यह जानकारी जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने दी है।

## सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 11 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 11 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## साधारण सभा की बैठक 11 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 11 मार्च 2024 को अपरान्ह 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# पहला कॉलम...

## मुक्ता बाई देवांगन का निधन



राजनांदगांव (दावा)। पुराना सिविल लाइन रोड निवासी मुक्ताबाई देवांगन (88 वर्ष) का मंगलवार 5 मार्च को निधन हो गया। गुड़ाखू लाईन स्थित दुकान वाले प्रकाशनचन्द नेमीचन्द देवांगन की माता मुक्ताबाई पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई मुक्ता बाई का अंतिम यात्रा पुराना रेस्ट हाउस सिविल लाइन स्थित निज निवास स्थान से आज बुधवार 6 मार्च के 11 बजे लखोली नाका मुक्ति धाम के लिए निकलेगी।

## हफीज खान को भ्रातृशोक



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हफीज खान के छोटे भाई हमीद खान गुड्डू का 55 वर्ष की आयु में आज पांच मार्च की सुबह चार बजे निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम यात्रा आज दोपहर 2.30 बजे उनके गौरीनगर स्थित निवास से निकाली गई और मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण शामिल हुए। इस मौके पर संक्षिप्त शोकसभा आहूत कर मृतात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## श्रीमती भगवती देवी अग्रवाल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी फर्म गोविन्द लाल विजय कुमार अग्रवाल गैंदाटोला वाले, स्वर्गीय गोविन्द लाल जी की धर्मपत्नी श्रीमती भगवती देवी अग्रवाल का निधन आज 05 फरवरी 2024 को प्रातः 7 बजे हो गया है। अपने पीछे पुत्र विजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल सहित भरापूरा परिवार छोड़कर स्वर्गलोक सिधार गई है।

## श्रीमती रमा वैष्णव का निधन



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। प्राथमिक विद्यालय हाथीकन्हार की प्रधानपाठक श्रीमती रमा वैष्णव का निधन 5 मार्च 2024 दिन मंगलवार को 1 बजे संजीवनी अस्पताल में हृदयघात होने से देहावसान हो गया है जिनका अंतिम संस्कार की यात्रा 6 मार्च 2024 दिन बुधवार को समय 11 बजे निज निवास हल्बा पारा वार्ड नंबर 15 अंबागढ़ चौकी से मुक्तिधाम के लिए निकली जावेगी। वे अपने पीछे कृष्ण कुमार वैष्णव, संदीप वैष्णव, नवीन वैष्णव, श्रीमती सीमा संतोष वैष्णव से भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# आयुक्त अधिकारियों के साथ शंकरपुर स्टेशन पारा क्षेत्र में सुबह दौरा कर देखी व्यवस्था

## साफ-सफाई व निर्माण कार्य, निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस



राजनांदगांव (दावा)। प्रातःकालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कड़ी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ आज सुबह वार्ड नं. 10 व 11 के शंकरपुर स्टेशन पारा क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर निर्माण कार्य देखे तथा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता वार्ड नं. 10 शांतिनगर शंकरपुर में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान शारदा चौक में नाली निर्माण कार्य का जायजा लेकर कहा कि नाली में ढाल का विशेष ध्यान रखा जाये, ताकि पानी निकासी हो सके, बौद्ध विहार सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नही करने तथा शांतिनगर में अधुरे नाली निर्माण पर नराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्ड नं. 11 स्टेशन पारा में दो स्थानों पर मंच निर्माण कार्य देख कहा कि मोहल्ले वालों की भावनाओं के अनुरूप मंच का निर्माण हो, इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। चिखली रेल्वे फाटक के पास अण्डर ब्रिज निर्माण के दौरान पाईप लाईन को शंकरपुर से जोडने के निर्देश दिये, जिससे स्टेशन पारा क्षेत्र में पर्याप्त पानी सप्लाई हो सके।

शांतिनगर, शंकरपुर व स्टेशन पारा में सफाई व्यवस्था देख आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नियमित रूप से सडकों व गलियों की सफाई हो, नालियों की सफाई कर कचरा उठाये, घर घर कचरा संग्रहण के दौरान घर में ही कचरा पृथककरण के लिये समझाईस देवे व सतप्रतिशत यूजर चार्ज की वसूली करे। इसके अलावा निष्ठा के माध्यम से उपस्थिति लेवे निष्ठा के अभाव में सुपरवाईजर के विरूद्ध कार्यवाही करे। सफाई में लापरवाही न हो विशेष ध्यान रखा जावे।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू व डाकेश्वर कर्ष, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी उपस्थित थे।

# छमुमो के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व से निर्धारित 4 मार्च की सुबह 11 बजे ओरिएन्ट कंपनी के मजदूर तथा उनके समर्थक खेतान केमिकल्स सोमनी, बलिराम कंपनी राजनांदगांव, वर्धमान रोप्स टेड़ेसरा, एफ.सी.आई. दुर्ग तथा ए.सी.सी. सीमेन्ट जामुल भिलाई के श्रमिक जी.ई. रोड टेड़ेसरा की चौक में एकत्रित हुए वहां से दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े व एक्टू राष्ट्रीय सचिव बिजेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में रैली प्रारंभ की गई जो औद्योगिक क्षेत्र भ्रमण करते हुए ओरिएन्ट इस्पात कंपनी के सामने धरना दिये।

धरना के दौरान मोर्चा के उपाध्यक्ष ए.जी.कुरैशी, विरेन्द्र उके, जिला किसान संघ के सुदेश टीकम, टापवर्थ कंपनी रसमड़ा के प्रतिनिधि भोजराम साहू, नोखेलाल, विरेन्द्र देशलहरे, गणेश मेश्राम, ए.सी.सी. से भगत साहू, ओरिएन्ट से पिन्टू कुमार गुप्ता आदि वक्ताओ ने संबोधित किया। सभा का संचालन तुलसी देवदास व पूनाराम साहू ने किया।

सभा के दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायाब तहसीलदार को दिया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ओरिएन्ट कंपनी द्वारा 15 वर्षो से कार्यरत श्रमिको को बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाये काम से बंद किया गया। फूल एण्ड फायनल का भुगतान भी नही किया गया। श्रम विभाग में आयोजित बैठक 21 फरवरी व 27 फरवरी को उपस्थित नही हुए इसलिए धरना देना पड़ा के बावजूद समस्या का निराकरण नही किया गया तो आंदोलन का विस्तार किया जाएगा।

# चाणक्य ट्यूटोरियल्स दे रहा छात्रों को शासकीय भर्ती परीक्षा का प्रशिक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कॉनफ्लुएंस महाविद्यालय पारींकला द्वारा विभिन्न शासकीय भर्ती परीक्षा की तैयारी हेतु विद्यार्थियों के लिए 1 महीने का निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण चाणक्य ट्यूटोरियल्स द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण के आयोजन में विद्यार्थियों को सभी सामान्य विषयों के साथ-साथ विशिष्ट विषयों में भी जानकारी दी गई जिससे वे सभी इस प्रकार की परीक्षाओं में सम्मिलित होकर सफलता प्राप्त कर सके। इस प्रशिक्षण में उन्हें गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी तथा सामान्य ज्ञान पर विभिन्न सूक्ष्म बिंदुओं पर अध्ययन कराया गया तथा उनकी कठिनाइयों के स्तर को जानकर उस स्तर पर उन्हें प्रशिक्षित किया गया। इस आयोजन का लाभ सभी वर्ग तथा माध्यम के विद्यार्थियों द्वारा लिया गया। इस 1 महीने के निःशुल्क प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरकारी प्रतिस्पर्धात्मक भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने योग्य बनाना है। इस आयोजन में उन सभी विषयों को रखा गया जो की भर्ती परीक्षा के लिए आवश्यक होता है। इसमें विद्यार्थियों को वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के द्वारा तैयारी कराया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ.रचना पांडे मैडम द्वारा इस आयोजन को करने का मुख्य उद्देश्य बताया गया कि किसी भी सरकारी गैर सरकारी भर्ती परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थी पात्र हो सके तथा सफलता प्राप्त कर सके इसके लिए उन्हें परीक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों की अधिक से अधिक जानकारी देना है जिससे वह इस आयोजन द्वारा निश्चिंत होकर लाभ उठा सके तथा सफलता प्राप्त कर सके।


**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं ...........
बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तजिन्दर सिंग भाटिया आ. अमरजीत सिंग भाटिया निवासी शहर/ ग्राम जी.ई.रोड राजनांदगांव प.ह.नं........ तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र जसराज सिंग भाटिया आ. तजिन्दर सिंग भाटिया जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 20/03/2024 तक लिखित में स्वयं/ अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईतहार दिनांक 04/03/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 04/03/2024
सुनवाई दिनांक 20/03/2024

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402090200035**
विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन:-2023-2024 दिवानटोला
प.ह.नं. 00011 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक
पक्षकार-मनोज कुमार,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार पिता शम्भू जाति सतनामी निवासी ग्राम दीवानटोला ग्राम पंचायत बैरागीभेड़ी तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पुत्र सुमीत का जन्म दि. 10.12.2018 को ग्राम दीवानटोला तहसील छुरिया में हुआ है। जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक द्वारा भूलवश नही करा पाया है। जिसके फलस्वरूप आवेदक के पुत्र सुमीत का जन्म दिनांक 10.12.2018 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, व आधार की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 12.03.2024 को स्वयं/ वकील/ आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/02/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील-छुरिया

**कार्यालय ग्राम पंचायत भदेरा नवागांव**
**विकासखण्ड व जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

**भावपत्र**

कार्यालय ग्राम पंचायत भदेरा नवागांव जनपद पंचायत राजनांदगांव व जिला राजनांदगांव में ग्राम पंचायत के 15वें वित्त मद से पुलिया पाइप क्रय कर लगाया जाना है। जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों / फर्मो से भावपत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति / फर्म सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर भावपत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा हाथों हाथ कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने पर भावपत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। भावपत्र स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

सचिव
ग्राम पंचायत, भदेरा नवागांव
जनपद पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग.)

सरपंच
ग्राम पंचायत, भदेरा नवागांव
जनपद पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202403092300002
ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नीलकंठ साहू आ. इन्दल साहू जाति तेली निवासी ग्राम सलटिकरी, द्वारा अपने पिता इन्दल साहू आ. बुधारू राम साहू की मृत्यु दिनांक 13/09/2007 को ग्राम सलटिकरी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में हो जाने से तथा भूलवश मृत्यु का पंजीयन नही करा पाने के कारण अपने पति की मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति पेशी दिनांक 15/03/2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402090200033**
विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन:-2023-2024 दिवानटोला
प.ह.नं. 00011 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक
पक्षकार-मनोज कुमार,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार पिता शम्भू जाति सतनामी निवासी ग्राम दीवानटोला ग्राम पंचायत बैरागीभेड़ी तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक की पुत्री लक्ष्मी का जन्म दिनांक 27.10.2016 को ग्राम दीवानटोला तहसील छुरिया में हुआ है। जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक द्वारा भूलवश नहीं करा पाया है। जिसके फलस्वरूप आवेदक की पुत्री लक्ष्मी का जन्म दिनांक 27.10.2016 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, व आधार की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 12.03.2024 को स्वयं/ वकील/ आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/02/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील-छुरिया

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402090200034**
विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन:-2023-2024 दिवानटोला
प.ह.नं. 00011 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक
पक्षकार-मनोज कुमार,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार पिता शम्भू जाति सतनामी निवासी ग्राम दीवानटोला ग्राम पंचायत बैरागीभेड़ी तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पुत्र प्रकाश कुमार का जन्म दि. 05.04.2014 को ग्राम दीवानटोला तहसील छुरिया में हुआ है। जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक द्वारा भूलवश नही करा पाया है। जिसके फलस्वरूप आवेदक के पुत्र प्रकाश कुमार का जन्म दिनांक 05.04.2014 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, व आधार की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 12.03.2024 को स्वयं/वकील/आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/02/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील-छुरिया

**कार्यालय कलेक्टर, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

-: सार्वजनिक सूचना :-

क्रमांक/1067/ भू-अर्जन/भूक्रनी/2023-24 — खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दिनांक 01/03/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के अंतर्गत प्रधानपाठ बैराज योजना अंतर्गत सनडोंगरी डिस्ट्रीब्यूटरी के नहर निर्माण कार्य में अधिग्रहित भूमि ग्राम-कोपेनवागांव प.ह.नं. 14, रा. नि.मं. मुढ़ीपार तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई भू-अर्जन प्रकरण (पूरक प्रकरण) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

| क्रं. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.में) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.में) | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | संतोष पिता गंगूराम जाति-लोधी | 8/2 | 0.850 | 0.065 | असिंचित |
| 2 | शैलेन्द्र पिता गंगूराम जाति-लोधी | 8/1 | 0.850 | 0.109 | असिंचित |
| | योग | 2 | 1.700 | 0.174 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर,
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

जी- 08288/2

**कार्यालय नगर पंचायत गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

क्रमांक/2256/दु.नी./रा.शा./न.पं./2023-24 — सप्तम दुकान नीलामी सूचना — गण्डई, दिनांक 01.3.2024

एतद् द्वारा सर्व जन साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गण्डई द्वारा निर्मित नीचे उल्लेखित दुकानों की आम नीलामी दिनांक 18.03.2024 को समय अपराह 3.00 बजे कार्यालय सभा कक्ष में की जावेगी। अमानत राशि उसी दिन दिनांक 18.03.2024 को सुबह 10.30 बजे से दोप.1.30 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा,अन्यथा बोली करने का हकदार नहीं होगा।

| क्र. | दुकान का स्थान 2 | दुकान क्रमांक | दुकान का क्षेत्रफल (मीटर मे) | दुकान आरक्षण का प्रकार | अमानत राशि (प्रत्येकदुकान हेतु) | मासिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड कमांक 14 टिकरीपारा धरसा जैतखाम के पास निर्मित 03 दुकान में से शेष 02 दुकान नीलामी | 02,03 | 2.80x3.80 | अनारक्षित | 25000.00 | 300.00 |

टीपः- नीलामी की समस्त शर्तें / अन्य जानकारियां राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत-गण्डई


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
467-7 358-6
राजधानी
1-3-8
570-2 247-3

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक संगीत प्रधान फिल्म
राजेश मारू प्राडक्शन कृत
मांग सजा दे सजना
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, सृष्टि देवांगन, चन्द्रहास बघेल, नवीन देशमुख आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN
SILVER SCREEN Multiplex
4th March to 7th March 2024




Rakshanam (Hindi) - 12:00 and 03:00 pm
Dune Part Two (Hindi) - 06:30 and 09:30 pm
Article 370 -12:30, 03:30, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# सड़क सुरक्षा को देखते हुए राष्ट्रीय मार्ग से जुड़ने से पहले सड़कों में रम्बल स्ट्रीप लगाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



- **महतारी वंदन योजना का सभी पात्र महिला हितग्राहियों को मिले लाभ - कलेक्टर**
- **जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**
- **मजदूरी प्राप्त श्रमिकों का श्रमिक पंजीयन कराने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने योजनांतर्गत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी जनपद पंचायत को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी में पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि कोई भी पात्र महिला हितग्राही महतारी वंदन योजना से नहीं छूटना चाहिए। इसके लिए बैंक खातों से आधार लिंक कार्यवाही समय-सीमा में सुनिश्चित करने कहा।

उन्होंने कहा कि 6 मार्च को प्रधानमंत्री संवाद और 7 मार्च को महतारी वंदन योजना का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में राशन कार्ड के नवीनीकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में इसका नवीनीकरण कार्य किया जाना है यह सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी शासकीय कार्यालयों में शासकीय कर्मचारियों को अपने अनुशासन में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा जो समय शासकीय कार्यालय कार्यालयीन समय में पहले बंद नहीं होनी चाहिए, यदि ऐसी स्थिति पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को न्योता भोजन के लिए रोस्टर बनाकर पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अन्य कार्यालयों में संलग्न शिक्षकों को संबंधित स्कूलों के लिए कार्य मुक्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनसमस्या निवारण शिविर में मांग एवं शिकायतों से संबंधित प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिक एवं उनके प्रथम दो आश्रित संतानों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क पीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे पुलिस भर्ती परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग सहायता योजना संचालित है। इसके लिए उन्होंने अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने कहा। जिससे श्रमिकों के आश्रित बच्चों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मजदूरी दर पर कार्य करने वाले श्रमिकों का अनिवार्य रूप से श्रमिक पंजीयन कराने कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंडी में कार्यरत श्रमिकों का श्रमिक पंजीयन कराने कहा। जिससे श्रमिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय में मिल सके। उन्होंने अवैध खनिज परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल विकास के अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उसे लाभ मिल सके।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों में सड़क दुर्घटना होती है वहां जाकर दुर्घटना के कारण समझकर उसका निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिससे उस जगह पर अन्य किसी की सड़क दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि राष्टीय मार्ग में मिलने से पहले सभी सड़कों पर रम्बल स्ट्रीप लगाने के निर्देश दिए। जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा सकता है। उन्होंने जिले में अवैध शराब भण्डारण एवं परिवहन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि उपज मंडी को बाईपास रोड से जोडने् के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे शहर में बड़े मालवाहकों का दबाव कम होगा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड जिले में सभी व्यक्तियों का बनाना है। बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिक्षा विभाग एवं आंगनबाड़ी केन्द्र से समन्वय करते हुए कार्य करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मानव मंदिर चौक के बजाय फौवारा चौक में त्रिशुल लगाए जाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। महाशिवरात्रि के अवसर पर मानव मंदिर चौक में महाकाल का त्रिशुल लगाने का विरोध जोर पकड़ने लगा है।

इसका जमकर विरोध सबसे पहले शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व वरिष्ठ पार्षद कुलबीर छाबड़ा ने किया था। अब इस क्षेत्र के पूर्व पार्षद रहे देवेन्द्र लाला देबू सहित प्रकाश शर्मा, राधेश्याम गुप्ता, पूर्व महापौर अजीत जैन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इसका विरोध किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रकाश शर्मा ने बताया कि उपरोक्त जनों संहित राकेश जोशी, अजय झा, ज्ञातचन्द जैन, श्याम गुप्ता, माखन यादव, अजय परिहार आदि ने मांग की है कि महाकाल के उक्त त्रिशूल को मानव मंदिर चौक में लगाने के बजाए जमात पारा के फव्वारा चौक में लगाई जाए जिससे उपेक्षित पड़े फव्वारा चौक का सौन्दर्यीकरण हो जाएगा। व त्रिशूल के स्थापित किए जाने से इस चौक की धार्मिक गरिमा बढ़ जाएगी।

श्री शर्मा ने बताया कि मानव मंदिर चौक में महाकाल का त्रिशुल स्थापित किए जाने से कई तरह की अड़चने आएगी। उक्त धार्मिक महत्व के चीज का राजनीतिक धरना-प्रदर्शन आन्दोलन के दौरान अपमान हो सकता है। इससे लोगों की धार्मिक भावना को ठेस लगेगी। अतः बेहतर होगा कि उक्त त्रिशुल को उपेक्षित पड़े फौवारा का सौंदर्यीकरण के त्रिशुल की पूजा पाठ होने से चौक की गरिमा वृद्धि होगी व लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बना रहेगा।

# बिना टैक्सी परमिट सरकारी दफ्तरों में चल रही गाड़ियां

**(अभिषेक त्रिपाठी)**

अम्बागढ़ चौकी(दावा)। मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी जिले के ज्यादातर सरकारी विभागों में किराए पर चलाई जा रही गाडियां बिना टैक्सी परमिट की है और यह सिलसिला अभी नहीं बल्कि नवीन जिला गठित होने के पूर्व से यह रीत चली आ रही है। इन गाडियों के संचालक हर महीने विभागों से मोटी रकम बतौर किराया वसूल रहे हैं। लेकिन गाडियों का टैक्सी परमिट लेकर सरकारी कोष में व्यावसायिक उपयोग की टैक्स अदा नहीं कर रहे हैं। इससे साफतौर पर टैक्स चोरी का मामला सामने आता है।

आमतौर पर आरटीओ द्वारा वाहनों के निजी उपयोग के लिए अलग टैक्स दरें निर्धारित की गई है। जबकि वाहनों के व्यावसायिक उपयोग के लिए टैक्स दरें अधिक हैं। घरेलू उपयोग पर लाइफ टाइम रोड टैक्स लिया जाता है। जबकि व्यावसायिक उपयोग पर तिमाही टैक्स वसूले जाते हैं। जबकि शासकीय कार्यालयों में टैक्सी परमिटयुक्त वाहन किराए पर नहीं लेकर सरकारी अधिकारी ही टैक्स चोरों को आश्रय देने में लगे हैं। लिहाजा जिले के आधा दर्जन से अधिक कार्यालयों में घरेलू उपयोग के वाहनों को किराए पर लेकर व्यावसायिक उपयोग में लिया जा रहा है।

## प्रभावशाली लोगों के वाहन किराए पर

सरकारी विभागों में आम नागरिकों के द्वारा लोन पर खरीदी गई गाडियां, महिला समितियों के द्वारा योजनाओं के तहत खरीदी गई गाडियां, अजा-अजजा वर्ग, अल्पसंख्यकों के द्वारा शासन की योजनाओं के ऋण अनुदान पर खरीदी गई गाडियां किराए पर नहीं रखी गई है। बल्कि सरकारी विभागों में अधिकारियों के दौरे के लिए किराए पर रखे गए वाहन संपन्न व सफेदपोश लोगों के हैं। अधिकारी भी ऐसे लक्जरी वाहनों में 30 से 40 हजार रुपए प्रति माह किराए देकर बेतहाशा भ्रमण कर रहे हैं। किराए की राशि का भुगतान सरकार की विभिन्न योजनाओं के मदों से किया जा रहा है।

## नियम में है टैक्सी परमिटयुक्त वाहन लेने की अनिवार्यता

शासकीय अंकेक्षक के अनुसार सरकारी विभाग के लिए किराए पर गाड़ी लेने में लिए अनिवार्य शर्तें हैं जिनका पालन जरूरी है। अनिवार्य शर्तों के अनुसार वाहन का टैक्सी परमिट होना अनिवार्य है। वाहन किराए पर लेने से पूर्व वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक है। शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल दर पर ही वाहन किराए पर लेने की शर्त है। वाहन लेने के लिए नियमत~ निविदा जारी किया जाना आवश्यक है। ऐसे निविदाकार ही निविदा में हिस्सा ले सकते हैं जिनके पास कम से कम 5 गाडियां हों। तथा ट्रैवलर्स एजेंसी की वैध अनुज्ञा हो। किराए की गाड़ी पर गाड़ी मालिक द्वारा रखा गया वाहन चालक होना अनिवार्य है।

सरकारी वाहन चालक द्वारा किराए की गाड़ी चलाने का प्रावधान नहीं है। इसके अलावा वाहन चालक का निर्धारित गणवेश में होने की अनिवार्यता है। किराए के वाहन का भुगतान तभी किया जाना है जब वाहन चालक द्वारा दिया गया लॉग बूक पूरा हो। इन शर्तों के पालन पर ही सरकारी विभागों में किराए की गाडियां रखी जा सकती है। लेकिन आदिवासी जिले में इन शर्तों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। किराए के वाहनों पर सरकारी चालक हैं। लॉग बुक अधूरा है। ट्रेव्हल्स का रजिस्ट्रेशन नहीं है।

# शासकीय उचित मूल्य दूकान संचालन हेतु 13 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन पारा वार्ड, सिंगदई वार्ड एवं गौरी नगर वार्ड में शासकीय उचित मूल्य दूकान संचालन हेतु 13 मार्च 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित है। शासकीय उचित मूल्य दूकान संचालन हेतु इच्छुक जिले में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि शाख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वसहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति विहित प्रारूप एक में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) राजनांदगांव में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दूकान संचालन हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। शासकीय उचित मूल्य दूकान आबंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत की जाएगी।

# बरगा (रींवागहन) में उचित मूल्य दूकान संचालन हेतु 12 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगा (रिवागहन) में शासकीय उचित मूल्य दूकान संचालन हेतु 12 मार्च 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित है। शासकीय उचित मूल्य दूकान संचालन हेतु इच्छुक जिले में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि शाख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वसहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति विहित प्रारूप एक में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। शासकीय उचित मूल्य दूकान आबंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत की जाएगी।

# राजनांदगांव के शिक्षकों ने रायपुर के नेशनल सेमिनार में भाग लिए



राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों रायपुर के निमोरा में स्कूल लीडरशिप ट्रांसफॉर्मिंग स्कूल थ्रू बेस्ट प्रैक्टिसेज विषय पर दो दिवसीय राष्टीय सेमिनार का आयोजन संपन्न हुआ।यह सेमिनार राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर, सी जी स्कूल लीडरशिप अकादमी की ओर से आयोजित एवम नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप NCSL एवम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन NIEPA नई दिल्ली की ओर से प्रायोजित था।

इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य और देश के ऐसे समर्पित शिक्षकों को एक छत के नीचे लाना था जो प्रतिकूल और सीमित साधनों के बीच में भी काम कर देश में शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। विभिन उद्देश्यों को लिए इस सेमिनार का सबसे मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में नेतृत्व की कला और भावना का विकास करना था जो की भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से श्री धनेश सिन्हा, श्री कौशल राम चंद्रवंशी, श्री गजेन्द्र बघेल,एवम श्री खोरबाहरा राम साहू ने अपनी सहभागिता दी। सेमिनार में चारों ने शोध पत्रों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत कर श्रोताओं का ध्यान खींचने में सफल रहें।अपने विचार इस सेमिनार में जहां राज्य के प्रत्येक जिलों के प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दी, वही देश के अन्य राज्यों यथा दिल्ली, झारखंड, मध्यप्रदेश, कश्मीर आदि के शिक्षाविदों ने भी भाग लिए।

सेमिनार के नोडल अधिकारी श्री डी दर्शन एवं उनके टीम के अथक प्रयासों से सेमिनार के सभी उद्देशों को प्राप्त करने में सफल रहें और प्रतिभागियों को उम्मीद से दुगुना ऊर्जा और विचारों की प्राप्ति हुई।सभी नवाचारी शिक्षकों ने एक नया विश्वास, नई ऊर्जा एवं अनंत उत्साह लेकर यहां से गए हैं। निश्चित ही स्कूलों में इसका गुणात्मक प्रभाव दिखाई देगा शिक्षा जगत में एक नई क्रांति आएगी। शाला प्रबंधन में विशेष सुधार होगा।

# अभाविप ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ किए गए जघन्य अपराधों के संदर्भ में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मंगलवार को जिला कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में राज्य सरकार के संरक्षित अपराधियों द्वारा महिलाओं के साथ किए गए जघन्य अपराधों के संदर्भ में न्याय की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है विगत कुछ वर्षों से पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण, उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एवं उनके परिवारों पर सुनियोजित अत्याचार राज्य सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। अभाविप मानवता को शर्मसार करने वाली संदेशखाली घटना से आहत है और परिषद इसकी कठोरतम भर्त्सना करती है। कहा गया है कि विगत 10 फरवरी 2024 को पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा हिन्दू घरों से जबरन नाबालिग कन्याओं व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपहरण कर राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कई जघन्य मामले सामने आये हैं। पीड़िताओं में अधिकांश महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग की हैं और अपने ऊपर हो रहे अत्याचार की अति से तंग आकर कई परिवार संदेशखाली से पलायन करने को मजबूर हैं। पश्चिम बंगाल राज्य की महिला मुख्यमंत्री के संरक्षण से वर्षों के शारीरिक एवं मानसिक शोषण से तंग आकर संदेशखाली की हज़ारों महिलाएं आज राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलनरत हैं। चूंकि मुख्यमंत्री के संरक्षण में राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा संदेशखाली की महिलाओं का शोषण हो रहा है और राज्य की पुलिस कार्रवाई करने में विफल रही है; इसलिए अभाविप की यह माँग है। कि इन महिलाओं को न्याय दिलाने में आपके द्वारा हस्तक्षेप किया जाए। न्याय की इस मुहिम में माननीय राज्यपाल, राष्टीय महिला आयोग, राष्टीय मानवाधिकार आयोग, राष्टीय अनुसूचित जनजाति आयोग के हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् आपसे यह निवेदन करता है किः

राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च-स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कराई जायेएवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाये।

## महिलाओं पर हिंसक हमले

ज्ञापन में कहा गया है कि संदेशखाली की महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन पर अविलम्ब अंकुश लगाया जाये। महिलाओं के ऊपर हुई हिंसा एवं दुराचार की घटनाओं की वास्तविकता को निर्भयतापूर्वक शासन, प्रशासन एवं न्यायिक संस्थानों तक पहुंचाने हेतु हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। तथा न्याय की सुगमता हेतु पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान कराई जाये व वर्षों के मानसिक शोषण से धीरे-धीरे उबरने हेतु इन महिलाओं को मनोचिकित्सकों द्वारा परामर्श सत्रों की भी सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। अंत में कहा गया है कि भय-मुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की जाये ताकि परिवारों के पलायन पर विराम लगाया जा सके।

# शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का हो रहा आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विशेष महाअभियान की तैयारी के संबंध में विभागीय समन्वय हेतु विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में सभी ग्राम पंचायत सचिव, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, स्कूल संकुल समन्वयक, स्वास्थ्य सेक्टर सुपरवाईजर, ग्राम रोजगार सहायक, एनआरएलएम की महिला टीम, बीसी व एमटी मितानिन को महाअभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है। विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना तथा आयुष्मान कार्ड के लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

कार्यशाला में बताया कि राजनांदगांव जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों के अनुसार निर्धारित लक्ष्य कुल 9 लाख 37 हजार 958 में से 8 लाख 33 हजार 807 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन कर लिया गया है, जो कि निर्धारत लक्ष्य का 88.90 प्रतिशत है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर आना आवश्यक है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णत~ निऱ्शुल्क हैं। परिवार के सभी सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा, जिसके लिए परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपने क्षेत्र के नजदिकी शिविर स्थल पर में जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बनवाएं। ऐसे हितग्राही जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ हैं, जैसे- वर्तमान मोबाईल नम्बर, अंगुठे का निशान एवं वर्तमान फोटो इत्यादि के परिजनों से अनुरोध हैं, कि आधार कार्ड अपडेट करवाने हेतु नजदीकी के च्वॉइस सेंटर में जाकर तुरंत आधार कार्ड अपडेट कराएं, जिससे भविष्य में आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जा सके। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र अंतर्गत समस्त च्वॉईस सेंटर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, लखोली, मोतीपुर एवं पुराना अस्पताल गुरूद्वारा चौंक में भी जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बना सकते हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बीपीएल परिवारों को 5 लाख रूपए एवं शेष परिवार अर्थात एपीएल परिवारों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार रूपए तक का लाभ योजना के दिशा-निर्देशानुसार योजनांतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा निऱ्शुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत प्रात्रतानुसार ईलाज के दौरान बीमा राशि खत्म होने के उपरांत मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 25 लाख रूपए तक आयुष्मान कार्ड द्वारा निऱ्शुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 104 पर या निकटतम स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में संपर्क किया जा सकता हैं।

# लोकसभा निर्वाचन : एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, एटीएस सहित अन्य व्यय निरीक्षण के लिए गठित टीमों को प्रशिक्षण संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके तहत विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए एक ओर जहां टीमों का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों के संपादन के लिए उन टीमों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, एटीएस सहित अन्य व्यय निरीक्षण के लिए गठित टीमों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी निर्देशों एवं मंशा के अनुरूप सभी टीमें लोकसभा निर्वाचन 2024 के संपादन में कार्य करेंगी।

प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हर टीमें अपने-अपने तय कार्य प्रणाली के अनुसार कार्य करते हुए अभ्यर्थियों के व्यय का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए अभ्यर्थी द्वारा किए जा रहे सभी प्रकार के खर्चों का बारीकी से अवलोकन करना और उन्हें रजिस्टर में विधिवत अंकित करना है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी टीमों को तकनीकी आधार पर संपूर्ण कार्यों के निष्पादन पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि व्यय से संबंधित सभी प्रकार के खर्च साक्ष्य आधारित होने के साथ-साथ नियमों के अनुरूप होना चाहिए और अधिकारीगण इसका विधिवत पालन करना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी दिलीप कुमार सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर कैलाश शर्मा, दीपक ठाकुर एवं भूपेश साहू द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों के अनुरूप बिन्दुवार प्रशिक्षण दिया गया।

# आज से वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव

*(विलास जाम्बुलकर)*

डोंगरगढ़ (दावा)। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने एवं गुजरने वाली गाड़ी 20826/20825 नागपुर-बिलासपुर-नागपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव की सुविधा प्रायोगिक तौर पर प्रदान की जा रही है। सांसद संतोष पांडेय द्वारा आज 16.30 बजे डोंगरगढ़ स्टेशन पर गाड़ी क्र. 20826 नागपुर-बिलासपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ हरी झड़ी दिखाकर किया जायेगा। इस शुभ अवसर पर नागपुर मंडल के उच्च अधिकारीगण, क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, प्रतिनिधि, जनता तथा रेल कर्मी आदि उपस्थित रहेंगे।

रेलवे द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि, 07 मार्च से गाड़ी क्र. 20825 बिलासपुर-नागपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस डोंगरगढ़ स्टेशन में 9.21 बजे पहुँचकर 9.22 बजे रवाना तथा दिनांक 06 मार्च से गाड़ी क्र. 20826 नागपुर- बिलासपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 16.29 बजे पहुँचकर 16.30 बजे रवाना होगी। इस सुविधा से इस क्षेत्र के यात्रियों को अब नागपुर तथा बिलासपुर दोनों दिशाओं के लिए सीधी रेल सेवा का लाभ मिल सकेंगा। विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि, डोंगरगढ़ स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य जारी है। और इस से संबंधित सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में नागपुर मंडल द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसके अलावा ट्रेनों की गति में तेजी सहित स्वच्छता के कार्यों को व्यापक स्त्र पर किए जा रहे है।

क्षेत्रवासियों की मूलभूत सुविधाओं को नजरअंदाज करने को लेकर वरिष्ठ नागरिक के के वर्मा ने रेल प्रशासन के कार्यों की कड़ी निंदा की है। श्री वर्मा ने कड़े शब्दों में कहा है कि,वंदे भारत ट्रेन का डोंगरगढ़ में ट्रायल के तौर पर ठहराव कराकर रेलवे इसे अपनी उपलब्धि बता रहा है। रेलवे की इस उपलब्धि से क्षेत्र की आम जनता का कोई सरोकार नहीं है। इसके स्थान पर बंद कर दी गई किसी लोकल ट्रेन या बुधवारी व कालका पारा के लिए बहु उपयोगी अंडर ब्रिज मार्ग जो वर्षों से बंद कर दिया गया है, जिसके लिए अनेक आंदोलन किए गए, यदि उसे प्रारंभ कर दिया जाता तो क्षेत्र की आम जनता को उसका सीधा लाभ मिल सकता था।

### ऐतिहासिक रहा है डोंगरगढ़ रेलवे का इतिहास

डोंगरगढ़ जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है। रेलवे के संबंध में डोंगरगढ़ का इतिहास इतिहास के पन्नों में दर्ज है। लेकिन कमजोर प्रतिनिधित्व के चलते डोंगरगढ़ की जनता यात्री सुविधाओ के लिए मोहताज हो गई है। विशेषकर रेल एवं सड़क सुविधा के लिए मोहताज हैं। कमजोर प्रतिनिधित्व के चलते हमेशा रेल प्रशासन द्वारा डोंगरगढ़ में रेल सुविधाओं की बढ़ोतरी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को नज़र अंदाज कर दिया जाता है।

### छोटे-छोटे स्टेशनों को दिया गया महत्व

भारतीय रेल के मानचित्र को देखे तो डोंगरगढ से भी छोटे स्टैशन जहाँ राजस्व आय भी बहुत कम है वहा पर स्टॉपेज दिया गया है। यह डोंगरगढ़ का दुर्भाग्य है कि, क्षेत्रीय सांसद द्वारा लोकसभा मे भी आवाज़ उठाया गया यात्री सुविधा के नाम से लेकिन रेल प्रशासन द्वारा मांगों को नजरअंदाज किया गया। अर्थात महत्वपूर्ण यहाँ यह नहीं कि हमने कितने प्रयास किया है, महत्व इस बात का हैं कि कितने गाड़ियों का स्टॉपेज मिला।जवाब मिलेगा एक भी नहीं।पिछले पूरे पांच वर्षो मे।अभी दो दिन पूर्व वित्त मंत्री छत्तीसगढ शासन द्वारा मेट्रो रेल चलाने की घोषणा किया गया। स्वागत योग्य पहल हैं।मजे की बात है कि वह भी रायपुर से राजनांदगांव तक। अगर 40 किलोमीटर आगे डोंगरगढ तक बढा देते तो अच्छा लगता। लेकिन फिर वही डोंगरगढ की उपेक्षा। ज्वलंत प्रश्न यह है कि आखिर कब तक। ऐसा लगता हैं यहाँ की जनता मतदाता आम नागरिक को यह दर्द अभी झेलना ही पढ़ेगा, जब तक इस जिले के प्रतिनिधि रेल मंत्री ना बन जाए।

### प्रतिदिन हजारों पर्यटक आते हैं डोंगरगढ़

गौरतलब है कि यहाँ पर लाखों की संख्या मे आने वाले धार्मिक पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़



**○ सांसद संतोष पांडे द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी**
**○ आमजनों की मूलभूत सुविधाओं को नजरअंदाज कर अनुपयोगी कार्यों को रेलवे दे रहा है तवज्जों - वरिष्ठ नागरिक के.के. वर्मा**

को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना प्रसाद योजना के लिए चयन किया गया। जिसमे माँ बम्लेश्वरी मंदिर, प्रज्ञागिरी मंदिर मे कार्य प्रगति पर हैं। वही चंद्रगिरी तीर्थ स्थल पर विश्व स्तरीय जैन मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है। जहां देश-विदेश के पर्यटकों का आना-जाना लगा हुआ है। यात्री सुविधा केंद्र हेतु 9.52 एकड़ भूमि में निर्माण कार्य प्रगति में है। विभिन्न धार्मिक स्थलों में विराजमान देवी देवताओं व अपने आराध्य के दर्शन लाभ के लिए देश विदेश से नियमित रूप से भक्तजन रेल मार्ग से आते हैं। विडंबना है कि डोंगरगढ़ में गाड़ियों के स्टॉपेज कम होने के कारण यात्री नागपुर, गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग से गाड़ी बदलकर डोंगरगढ़ पहुँच रहे हैं।

### प्रसाद योजना का मूल उद्देश्य को किया गया नजरअंदाज

प्रसाद योजना का मूल उद्देश्य, यात्री सुविधा मे रेल गाड़ियों का ठहराव, सड़को का उन्नयन स्वछता साफ सफाई तीर्थ स्थलों में तथा यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदाय करना है। ताकि यात्री/दशनार्थि दर्शन उपरांत सुकून महसूस कर सके। लेकिन रेल प्रशासन द्वारा इसे नजरअंदाज कर दिया गया। स्मरण रहे हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी भी आचार्य श्री एवं बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने डोंगरगढ़ आए थे।

### बिना सुविधा का रेलवे स्टेशन परिसर

नगर के वरिष्ठ नागरिक के के वर्मा ने रेल अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि, रेलवे नहीं चाहती की यात्रियों को कोई सुविधा मिले। इसीलिए वह सुविधा के लिए उच्च टेंडर रेट रखती है।जैसे कैंटीन सुविधा, कोई भी टेंडर लेगा तो आय को देख कर ही लेगा, ट्रेनों की संख्या और स्टॉपेज टाईम कम होने से बिक्री कम होती है। अतः कोई उच्च दर पर टेंडर कैसे लेगा, किंतु रेलवे के अधिकारी इस बात पर ध्यान नहीं देते। इसीलिए यात्रियों को जलपान या भोजन की सुविधा स्टेशन पर नहीं मिल पा रही है।

### सभी ट्रेनों का स्टॉपेज हो डोंगरगढ़ में

वरिष्ठ नगरी के के वर्मा ने आम जनता से अपील की है कि डोंगरगढ़ देश के जिन महत्वपूर्ण शहरों से अभी तक ट्रेन से नहीं जुड़ पाया है,हमें उन ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग करनी चाहिए। जैसे आसाम क्षेत्र के लिए कामाख्या एक्स, अहमदाबाद से आगे के लिए ओखा एवं गांधीधाम एक्स, नांदेड़ एक्सप्रेस, सिकंदराबाद एक्स., राजस्थान के लिए बीकानेर, जोधपुर एवं भगत की कोठी एक्स, कश्मीर साइड के लिए दुर्ग से छूटने वाली उधमपुर एक्स. एवं कोल्हापुर के लिए गोंदिया से छूटने वाली एक्स. का विस्तार। हमें महंगी ट्रेनों की जगह पैसेंजर ट्रेनों की मांग करनी चाहिए। ताकि कम दूरी के लिए अधिक ट्रेनें उपलब्ध हो सके।जैसे कोरबा,नागपुर, एवं बिलासपुर। मेल एक्सप्रेस ट्रेन का आंकड़ा देखा जाए तो वर्तमान समय में दुर्ग से गोंदिया के बीच गुजरने वाली 56 जोड़ी अर्थात 112 ट्रेनों में से 36 जोड़ी अर्थात 72 ट्रेनों का ही स्टॉपेज राजनांदगांव में है, अप और डाउन की 40 ट्रेनों का स्टॉपेज अभी भी राजनांदगांव में नहीं है। डोंगरगढ़ में अप और डाउन की 34 ट्रेनों का स्टॉपेज है।

### 21 ऐसी ट्रेनें हैं जो नांदगांव में तो रुकती हैं किंतु डोंगरगढ़ में नहीं

मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर स्थित माई की नगरी के नाम से विख्यात डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन को सर्वसुविधा युक्त बनाने केंद्र सरकार लगभग 12 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन प्रधानमंत्री के माध्यम से किया गया।किंतु इस स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज देने में रेलवे यहां की लगातार उपेक्षा कर रहा है। रेलवे के साथ-साथ राजनीतिक उपेक्षा भी स्टॉपेज के मामले में की गई है। वर्तमान में 21 ऐसी ट्रेनें हैं जो राजनांदगांव में तो रुकती है किंतु डोंगरगढ़ में उनका ठहराव नहीं होता, यह छोटा आंकड़ा नहीं है। छत्तीसगढ़ से प्रारंभ होने वाली तथा नागपुर की ओर चलने वाली 10 ऐसी ट्रेनें हैं जो डोंगरगढ़ में नहीं रुकती।यानी प्रदेश से प्रारंभ होने वाली ट्रेनों के स्टॉपेज में भी लगातार यहां की अपेक्षा की जा रही है।ट्रेनों के स्टापेज के मामले में डोंगरगढ़ को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा जिसके कारण क्षेत्र वासियों सहित माई की नगरी में आने वाले पर्यटकों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा 14 ट्रेनें ऐसी है,जो डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती हैं। वर्तमान में बिलासपुर से 18 ट्रेन शुरू होती हैं जिनमें से 14 ट्रेन डोंगरगढ़ से होकर गुजरती है और चार ट्रेनों का ही ठहराव यहां होता है।

### भाजपा शहर मंडल ने की स्वागत की अपील

नागपुर बिलासपुर नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में ठहराव का संतोष पाण्डेय जी सांसद राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र के कर कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जाना है। इस अवसर पर सभी पूर्व विधायकगण, प्रदेश पदाधिकारीगण, सभी वरिष्ठगण, सभी पार्षदगण, सभी मंडल एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी गण, सभी शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सहसंयोजक गण, सभी बूथ अध्यक्ष गण एवं सभी श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति हेतु भाजपा शहर मंडल की ओर से अपील की गई है। सभी से शाम 3.30 बजे रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़ में पहुंचने की अपील शहर मंडल के अध्यक्ष अमित जैन, संतोष राव, राकेश अग्रवाल महामंत्री भाजपा द्वारा की गई है।

## पहला कॉलम...

## गोपलिनचुवा शाला परिसर में कराया गया न्योता भोजन



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर कारगर बनाने हेतु प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अजय अनूप रामटेक वह माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक लोचन दास हिरवानी द्वारा शाला परिसर के समस्त बच्चों को न्योता भोजन करवाया गया, इस न्योता भोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी, भजिया विशेष रूप से बांटा गया। ग्रामीणवासी ग्राम के सरपंच सूर्यकुमार रावटे व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व संकुल समन्वयक ईश्वर पटेल व संकुल समन्वयक करमतरा पवन रामटेक, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य श्रीमती शारदा रामटेके शामिल हुए व शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अनंत सुख लांजेवर, या याजेन सिंह कचलामे, एस के बघेल, श्रीमती रेखा कोमा, के द्वारा बच्चों को न्योता भोज में खाना परोसा गया। शाला परिसर द्वारा एक सफल आयोजन करवाया गया। यह जानकारी अजय अनूप रामटेके प्रधान पाठक (गोपलिंचुवा) द्वारा दिया गया।

## कबड्डी प्रतियोगिता एवं महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह 9 मार्च को ग्राम टोलागांव में

बांधाबाजार (दावा)। ग्राम टोलागांव (ब्राह्मणभेड़ी), बांधाबाजार, विकासखंड अम्बागढ़ चौकी में 9 मार्च को कबड्डी प्रतियोगिता एवं महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन है। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार 7024, ग्राम पंचायत ब्राह्मण भेड़ी, द्वितीय पुरूस्कार 5024 सालिक राम रामटेके की स्मृति सुपुत्र पवन रामटेके, तृतीय पुरस्कार 3024 भजन लाल साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला टोलागांव, चतुर्थ पुरुस्कार 2024 लकेश भंडारी शिक्षक द्वारा प्रदत्त, मोमेंटो स्व. मोहन पिथौरा के स्मृति मनहरण पिथौरा द्वारा प्रदत्त, महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह में सभी को मोमेंटो स्व कन्हैया रावटे स्मृति में कल्याण रावटे द्वारा प्रदत्त, कार्यक्रम अध्यक्ष देवसिंग सोनवानी, सचिव नीलकंठ कोमरे, राजू निर्मल, लोकेश कोमरे, ओमप्रकाश कोमरे, गिरजा, प्रदीप रामावतार, लक्ष्मण, यशवंत निर्मलकर, सजनु, मन्नु, शीशपाल, महेंद्र, संजय, तिलक, अशोक, गिरधर सोनवानी, एवं समस्त ग्राम वासी टोला गांव लगे हुए हैं।

## सट्टा-पट्टी का खेल खिलाते आरोपी रंगे हाथो पकड़ा गया



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने कागज में लिखे अंकों के सामने लोगों से रुपए-पैसे का दांव लगवा कर सट्टा खिला रहे आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस को आरोपी से एक नग सट्टा पट्टी का कागज जिसमें रूपये पैसे का दांव लगा लिखा हुआ, नगदी रकम 2440 रूपये एक नग डाट पेन कुल रकम 2440 रूपये मिला है। जिसे कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 4 मार्च की बताई जाती है।

बताया जाता है कि मंगलवार 4 फरवरी को मुखबीर सूचना पर कि ग्राम अर्जुनी सिंगारपुर चौक के पास एक व्यक्ति कागज में अंकों के सामने रूपये पैसे का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी नामक जुआ खिला रहा है। सुचना पर संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर मौके पर आरोपी हुकुम दास साहू पिता जीवन दास साहू, उम्र 25 साल, पता- अर्जुनी को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी से सट्टा खिलाने वाली उपरोक्त चीजें बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ छग जुंआ प्रतिवेदन अधीनियम 2020 की धारा के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस स्टाफ डोंगरगांव का विशेष भूमिका है।

## लोकसभा चुनाव को देखते हुए निषाद समाज खैरागढ़ जिला संगठन का कर रहे है चुनाव



राजनांदगांव (दावा)। जिला निषाद समाज का मासिक बैठक जिला मुख्यालय कौरिनभाठा राजनांदगांव में प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पदमनी निषाद, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गा निषाद, कोषाध्यक्ष बलराम निषाद, सलाहकार विजय निषाद, सलाहकार बसंत लारिया, सलाहकार केशव निषाद, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दाताराम निषाद, संगठन सचिव मौजी निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई। राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीरामचन्द्र जी के पूजा अर्चना कर किया गया एवं समाज के सेवक झाडू राम की धर्मपत्नी व डोंगरगांव क्षेत्रीय अध्यक्ष कृपाराम निषाद के पुत्र व मछुआ प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद के भाई की आकस्मिक निधन पर जिला संगठन निषाद समाज ने मृत आत्मा के शांति के 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

निषाद समाज नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गड़ई जिला संगठन को कर रहे है मजबूत

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ निषाद समाज के विकास व संगठन को मजबूती प्रदान करने प्रदेश संगठन भिलाई कोहका के निर्देश पर नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गड़ई का समन्वय स्थापित कर चुनाव कराने राजनांदगांव जिला संगठन के सहयोग से प्रदेश सचिव गिरधर निषाद को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है । इस संबंध में बैठक में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद ने खैरागढ़ क्षेत्रीय अध्यक्ष संतराम निषाद को जिला संगठन के सहयोग से समन्वय बनाने बैठक आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में उपस्थित सामाजिक पदाधिकारियों ने समाज के विकास व सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया गया। सभा का संचालन प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, महासचिव टीकम निषाद व कोषाध्यक्ष बलराम निषाद ने की।

इस अवसर पर समाज के खैरागढ़ क्षेत्रीय अध्यक्ष संतराम निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद, सचिव तारम निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष कृपाराम निषाद, जिला सेवक झाडूराम निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरा सिंग निषाद, पूर्सव संगठन सचिव पन्ना निषाद, बिलासपुर पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश राम निषाद, जिला कोषाध्यक्ष जनता कैवर्त, जिला सचिव शत्रुहन कैवर्त बिलासपुर जिला पदाधिकारी सहित राजनांदगांव के जिला व क्षेत्रीय पदाधिकारी सहित स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रानी मंदिर में फाग महोत्सव में गीत प्रस्तुति



छुईखदान(दावा)। रियासतकालीन प्राचीन रानी मंदिर छुईखदान में शिवशक्ति जस फाग भजन प्रभातफेरी मंडली द्वारा सभी मंदिरों में फाग गीत प्रस्तुति देते हुए 4 मार्च 2024 सोमवार को भव्य फाग गीत महोत्सव में प्रस्तुति दी। मंदिर समिति के संरक्षक लाल जे. के. वैष्णव ने बताया कि प्राचीन काल से चली मूल संस्कृति अनुरूप फाग संगीत में दादरा, डहकी, डहका, रसिया, ख्याल, धमाल, चौताला आदि विधाओं के फाग गीतों की मंदिरों में प्रस्तुति दी। फाग गीत संगीत संध्या में पंचम साहु, नारायण निषाद, आनंद मंडावी, विजय रजक, देवी साहु, संजय चन्द्राकर, लक्ष्मण निषाद, कीर्तन साहू, हर्षवर्धन साहू, लाल जितेन्द्र किशोर, अग्नु निषाद, संजय लल्ला, छन्नू निषाद, गोरेयदु, ओमयदु, प्रदीप सेन, मयंक शर्मा, किसन सेन, चैतन्य रजक, सुनील चन्द्राकर, लाल सूर्याशीष, दिनेश महोबिया, पुजारी अनिल रानी मंदिर आदि रहे। फाग गीत महोत्सव में प्रथम अरे हां पहले गणपति ला गा लयिहो हो शिव पार्वती के लाल द्वितीय कौशिल्या के बारे दुलारे राम के नैना सलोना रे जय बोलो राधिका प्यारी की श्री वृषभानु दुलारी की मोहन छैल छबीलो रसिया श्याम गत रंगीलो, वृंदावन प्रभु धेनु चरावे बाजत बंशी रसीले, दे दे बुलउवा राधे को आदि मनमोहक प्रस्तुतियों से बड़ी संख्या में भक्तजन ताली बजाकर आनंदित हुए। लाल जे.के. वैष्णव ने सभी सदस्यों को गुलाल लगाकर स्वागत किया एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बचाए रखने फाग गीत महोत्सव पर बधाई शुभकामनाएं दी।

## डोंगरगांव डाक विभाग की कार्यशैली से हितग्राही

**(राजेश मेश्राम)**

जोंधरा (दावा)। स्थानीय पोस्ट ऑफिस डाकघर डोंगरगांव में पदस्थ कर्मचारियों की कार्यशैली से स्थानीय हितग्राहियों में आक्रोश देखा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पोस्ट ऑफिस डोंगरगांव में क्षेत्र के करीब 150 ग्रामों के ग्रामीण हितग्राही जुड़े हुए हैं जो की बचत खाता, पत्र व्यवहार एवं सामानों की रजिस्ट्री आदि के क्रियान्वयन के लिए पोस्ट ऑफिस जाते हैं।

इसी पोस्ट ऑफिस के अंतर्गत आने वाले ग्राम जोंधरा के हितग्राही राजेश मेश्राम ने बताया कि यदि शाखा डाकघर पिन कोड 49161 से किसी भी सामानों की स्पीड पोस्ट की जाए तो वह अन्यत्र भेजे गए व्यक्ति को कभी 15 दिन तो कभी महीना भी लग जाता है उन्होंने बताया कि 28 फरवरी 2024 को उन्होंने रायपुर के लिए स्पीड पोस्ट से अपने पारिवारिक को सामान भिजवाया है पर आज 8 दिन गुजर जाने के बाद भी उन्हें समान नहीं मिला है इन परिस्थितियों में डाक विभाग से स्पीड पोस्ट करवाने का मतलब ही क्या है। सरकारी का मतलब जवाब देही खत्म-डोंगरगांव में पदस्थ डाक विभाग के कर्मचारियों को लगता है कि उन्होंने रसीद काट दी है ग्राहक संतुष्ट हो गया है सामान पहुंचे ना पहुंचे अब यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है जबकि हितग्राही शासन के अधीनस्थ डाक विभाग को मानते हुए उसमें विश्वास ज्यादा रखता है। डाक कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियां शासन के प्रति समझने पड़ेगी।

> डोंगरगांव शाखा डाकघर से पार्सल या रजिस्ट्री की हुई चीज सिर्फ डिस्पैच होती हैं, डोंगरगांव शाखा से जहां सामान भेजना होता है, वहां के लिए बैग तैयार कर भेज दिया जाता है। फिर बीच में सामान कहां रोक दिया जाता है, हमें इसके बारे में नहीं पता। हमें यदि कोई शिकायत करें तो हम भिलाई डाकघर उसे फारवर्ड कर देते हैं।
>
> **- संतोष पांडे सब पोस्टमास्टर डोंगरगांव**

## महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी जोरों पर, नवनिर्मित मंदिरों धार्मिक आयोजन शुरू

डोंगरगांव (दावा)। हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि के महापर्व को लेकर भक्तों में अगाध श्रद्धा है। इसी कड़ी में आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि का महापर्व मनाया जायेगा। जिसे लेकर शहर में महाकाल मंडल द्वारा भव्य तैयारियों की जा रही है। इसके साथ ही शहर में बने भगवान शिव के मदीरों में प्राण प्रतिष्ठा का विधान प्रारंभ हो गया है। नगर के कुम्हारपारा में शिव मंदिर समिति व नवदुर्गा उत्सव समिति तथा मोहल्लेवासियों के सहयोग से बने शिव मंदिर में नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना की जा रही है। प्राणप्रतिष्ठा का विधान 3 दिनों तक चलेगा। पहले दिन 5 मार्च को गणपति पूजन, कलश यात्रा, वेदी पूजन, जलाधिवास एवं अन्नाधिवास, 6 मार्च को पुष्प, फलाधिवास तथा शैय्याधिवास का विधान संपन्न होगा। वहीं 7 मार्च को को वेदी पूजन, मंगल स्नान, प्राणप्रतिष्ठा, सुबह 8 से 10 बजे तक रुद्राभिषेक के पश्चात हवन आरती व महाप्रसादी का वितरण होगा। सम्पूर्ण धार्मिक विधान राजा खुज्जी के आचार्य शशांक शर्मा के द्वारा संपन्न किया जा रहा है। इधर 8 मार्च को महाशिवरात्रि के पावन पर्व में बाबा की बारात को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। महाकाल को भव्य शोभा यात्रा नगर के हनुमान जी मंदिर से दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। इस बराता में उज्जैन की प्रसिद्ध मंडली नागचंद्रेश्वर भक्त मंडल साथ होगी।

## सामूहिक सुंदरकांड के साथ हुआ श्री रुक्खड़ स्वामी महोत्सव का आगाज़



**सिद्धपीठ में महाशिवरात्रि पर होंगें विशेष आयोजन**

खै़रागढ़ (दावा)। महाशिवरात्रि पर्व परंपरागत रूप से सिद्धपीठ श्री रुक्खड़ स्वामी मंदिर में पांच दिवसीय श्री रुक्खड़ स्वामी महोत्सव का आगाज मंगलवार 5 मार्च शुरू हुआ। जिसमें 5 मार्च को मंदिर परिसर में धर्मयात्रा के 96 वें पड़ाव के तहत सामूहिक सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यह यात्रा श्री रुक्खड़ स्वामी बाबा की प्रेरणा से ही अनवरत जारी है। बुधवार 6 मार्च को श्री रुक्खड़ स्वामी बाबा की तपस्या से खैरा,चकनार में अवतरित मां नर्मदा के जल को लेकर सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त पदयात्रा कर खै़रागढ़ पहुंचेंगे और मंदिर परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगें। गुरुवार 7 मार्च को मंदिर परिसर में ही प्रशिक्षित आचार्यों के मार्ग दर्शन में पार्थिव शिवलिंग व गण निर्माण किया जाएगा। इसी दिन कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगें।

### महाशिवरात्रि पर होगा अभिषेक

शुक्रवार 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक होगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर सशुल्क अभिषेक के लिए पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। परिसर में स्थित शिवलिंग का अभिषेक देर रात्रि तक चलता रहेगा। देर शाम शिव बारात के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो नगर भ्रमण के बाद श्री वीरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। शनिवार 9 मार्च को हवन के बाद भोगराग भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें भी बड़ी संख्या में श्रद्वालुओं को शामिल किया गया है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने उक्त पंचदिवसीय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## छ.ग. लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा



डोंगरगढ़(दावा)। छ.ग.लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 6472 के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने बताया कि दिनांक 28 फरवरी को विधानसभा के मुख्यमंत्री कार्यालय में संघ प्रतिनिधि मण्डल द्वारा वर्ष 1997 के पश्चात विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियमितिकरण करने एवं भाजपा घोषणा पत्र में 100 दिन के भीतर नियमितिकरण हेतु समिति गठित करने एवं उक्त कमेटी में सदस्य के रूप अपने संघ को शामिल करने की मांग को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र नियमितिकरण आदेश प्रसारित करने हेतु निवेदन किया गया।

संघ प्रतिनिधि मण्डल द्वारा डॉ. रमन सिंह (विधानसभा अध्यक्ष) अरूण साव, (उपमुख्यमंत्री) ओ.पी. चौधरी (वित्त मंत्री) श्याम बिहारी जायसवाल (स्वास्थ्य मंत्री) टंकराम वर्मा (राजस्व मंत्री) से मुलाकात कर नियमितिकरण के संबंध में ध्यानाकर्षण कराया एवं छत्तीसगढ़ के समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितिकरण करने हेतु निवेदन किया गया। इस मुलाकात कार्यक्रम में डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक व पूर्व आयुक्त विनोद खांडेकर, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से मुख्यमंत्री कार्यालय में कर्मचारी संघ अपनी मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रख पाए। संघ की इस कार्यक्रम में संघ प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे, धीरपाल सिंह चंद्रवंशी व सुरेश नेताम उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## एलन मस्क की मुश्किलें बढ़ी, एफआईआर दर्ज

सैन फ्रांसिस्को। ट्विटर (अब एक्स ) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल सहित तीन कर्मचारियों ने एलन मस्क पर 128 मिलियन डॉलर नहीं चुकाने को लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दायर करने का ऐलान किया है। पराग अग्रवाल, मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल पूर्व ट्विटर कानूनी और नीति प्रमुख विजया गड्डे और पूर्व ट्विटर जनरल काउंसिल सीन एडगेट ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। एक फॉलोवर ने पोस्ट किया कि पराग अग्रवाल ने एलन मस्क पर मुकदमा दायर किया है, तो इस पर मंगलवार को मस्क ने सिर्फ एक इमोजी डालकर अपनी प्रतिक्रिया दी। मुकदमे में दावा किया गया कि टेस्ला के सीईओ ने सार्वजनिक रूप से लगभग 200 मिलियन डॉलर के उनके भुगतान को रोकने की कसम खाकर उनके प्रति विशेष गुस्सा दिखाया, जब उन्होंने 2022 में 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया। अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमा में कहा गया है, मस्क के नियंत्रण में ट्विटर कर्मचारियों, मकान मालिकों, विक्रेताओं और अन्य लोगों को परेशान करने वाला एक उपहास बन गया है। मस्क अपने बिलों का भुगतान नहीं करते हैं, उनका मानना है कि नियम उन पर लागू नहीं होते हैं, और जो कोई भी उनसे असहमत है, उसके साथ दुर्व्यवहार करने के लिए अपने धन और शक्ति का उपयोग करते हैं।

## खेत में काम कर रहे भारतीय नागरिक पर आ गिरी मिसाइल, हुई मौत

यरुशलम। इजरायल-हमास युद्ध के बीच सोमवार को इजरायल में हिजबुल्लाह के हमले में केरल के रहने वाले एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इजरायल पर हिजबुल्लाह के मिसाइल हमले के दौरान केरल के रहने वाले एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। केरल के कोल्लम जिले के स्थानीय निवासी पैट निबिन मैक्सवेल, इजरायल की उत्तरी सीमा मार्गालियट के एक बगीचे में लेबनान के मिसाइल-रोधी हमले में मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले के कारण कम से कम दो अन्य लोग घायल हो गए।

बचाव सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) के प्रवक्ता जकी हेलर ने पीटीआई को बताया कि मिसाइल ने सोमवार सुबह करीब 11 बजे इजरायल के उत्तर में गैलील क्षेत्र में मोशव (सामूहिक कृषि समुदाय) मार्गालियट में एक बागान पर हमला किया। जब मिसाइल ने इजरायली सीमा पर हमला किया तो मैक्सवेल बगीचे के पास थे। आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि उनके शव की पहचान जिव अस्पताल में की गई। केरल के दो अन्य - बुश जोसेफ जॉर्ज (31 वर्षीय) और पॉल मेल्विन (28 वर्षीय) घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत

नैशविले। अमेरिका के नैशविले में सोमवार रात एक अंतरराज्यीय राजमार्ग के पास एक छोटे विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हुई है। प्लेन क्रैश के कारण लेन को बंद कर दिया गया है। मेट्रो नैशविले पुलिस विभाग ने बताया कि विमान एकल इंजन वाला था और शहर के पश्चिमी हिस्से में इंटरस्टेट 40 के ठीक सामने दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान पर सवार कई लोग मारे गए हैं। पुलिस ने अंतरराज्यीय क्षेत्र में घास में छोटे विमान के जले हुए मलबे की एक तस्वीर पोस्ट की। परिवहन अधिकारियों ने कहा कि हादसे के कारण ढ्ढ-40 की पूर्व की ओर जाने वाली लेन बंद कर दी गई हैं। हालांकि, मंगलवार सुबह व्यस्त समय में यातायात के लिए 3 में से दो लेन खुली रहेगी। इस कारण आज इस एरिया में लोगों को ट्रैफिक और देरी हो सकती है। मेट्रो नैशविले पुलिस ने सोशल मीडिया ङ्क (पूर्व में ट्विटर) पर विमान हादसे की तस्वीर पोस्ट की और लिखा एक एकल इंजन वाला हवाई जहाज चार्लोट पीके निकास के ठीक पहले ढ्ढ-40 के पूर्व की ओर जाने वाली लेन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान पर सवार कई लोगों की मौत हो गई है। यह पता लगाने का काम जारी है कि विमान कहां से आया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का पीएम चुने जाने पर दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले लीडर शहबाज शरीफ को मंगलवार को बधाई दी. शहबाज शरीफ ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली. वह 2022 के बाद दूसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे.

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किए जाने पर शहबाज शरीफ को बधाई.राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने राष्ट्रपति भवन च्ऐवान-ए-सद्रज् में आयोजित एक समारोह में 72 वर्षीय शहबाज को पद की शपथ दिलाई. शहबाज ने दूसरी बार ऐसे समय में पीएम पद संभाला है, जब देश आर्थिक बदहाली का सामना कर रहा है.संसद भंग होने से पहले शहबाज शरीफ ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में काम किया था.

# फ्रेंच ओपन में सात्विक-चिराग की जोड़ी की धमाकेदार शुरुआत, पहले मैच में दर्ज की आसान जीत

**नई दिल्ली। दुनिया की नंबर 1 पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की है। फ्रेंच ओपन 2024 के राउंड 32 में सात्विक-चिराग का मुकाबला मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी से हुआ। इस मैच में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने एकतरफा जीत हासिल की।**



सात्विक-चिराग की जोड़ी राउंड 32 के मुकाबले में मलेशिया की जोड़ी को सीधे सेटों में हराया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने ये मैच 21-13 और 24-23 से अपने नाम किया। इस मैच को जीतकर सात्विक-चिराग ने राउंड-16 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बता दें इस भारतीय जोड़ी ने 2022 में फ्रेंच ओपन खिताब जीता था और 2019 में उपविजेता रही थी। हालांकि, पिछले साल उन्हें मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की जोड़ी पिछले तीन बड़े इवेंट्स में फाइनल जीतने में नाकाम रही है। नवंबर में चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 के फाइनल इस जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि फ्रेंच ओपन में यह भारतीय जोड़ी ख़िताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरी है। बता दें, फ्रेंच ओपन 2024 शटलरों को पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग रैंकिंग अंक प्रदान करता है। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो पिछले साल 1 मई को शुरू हुई थी।

## भारतीय शेयर बाजार में छायी सुस्ती, सेंसेक्स 144 अंक गिरा, निफ्टी भी फिसला



नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में आज सुस्ती का दौर देखने को मिल रही है. बाजार में छायी मायूसी के बीच सुबह 9.30 बजे सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत यानी 158.39 अंक टूटकर 73,713.90 पर कारोबार कर रहा था. जबकि, निफ्टी 0.18 प्रतिशत यानी 39.30 अंकों की गिरावट के साथ 22,366.30 पर दिख रहा है. तीस शेयरों वाले सेंसेक्स पर 13 कंपनियां मात्र हरे के निशान के साथ कारोबार कर रही हैं. जबकि, 17 कंपनियों में लाल का निशान लगा हुआ है. टाटा मोटर्स के डीमर्जर की खबर के बाद कंपनी के शेयर में 4.48 प्रतिशत का उछाल देखने को मिल रहा है. सेंसेक्स पर टॉप गेनर्स में टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई और एनटीपीसी शामिल है. जबकि, टॉप लूजर की श्रेणी में टीसीएस, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई, इफोसिस और रिलायंस शामिल है. निफ्टी पर ज्यादातर सेक्टरों में लाल का निशान देखने को मिल रहा है. ऑटो, पीएसयू बैंक, रियलिटी, हेल्थ केयर और ऑयल एंड गैस सेक्टर में तेजी देखने को मिली है.

## आरबीआई ने आईआईएफएल पर गोल्ड लोन पर लगाई रोक

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड को निर्देश दिया कि वह तत्काल प्रभाव से अपने किसी भी गोल्ड लोन को मंजूरी देना या वितरित करना या किसी भी गोल्ड लोन को असाइन करना/प्रतिभूत करना/बेचना बंद कर दे। आरबीआई ने कहा, हालांकि, कंपनी सामान्य संग्रह और पुनर्प्राप्ति प्रक्रियाओं के जरिए अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की सेवा जारी रख सकती है।



उसने कहा कि आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के उसके निरीक्षण से कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में सामग्री पर्यवेक्षी चिंताओं का पता चला है, जिसमें ऋण की मंजूरी के समय और डिफॉल्ट पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच व प्रमाणित करने में गंभीर विचलन शामिल हैं। निरीक्षण में ऋण-से-मूल्य अनुपात में उल्लंघन भी पाया गया। वैधानिक सीमा से कहीं अधिक नकदी में ऋण राशि का महत्वपूर्ण संवितरण और संग्रहण; मानक नीलामी प्रक्रिया का पालन न करना और आईआईएफएल द्वारा ग्राहक खातों पर लगाए जाने वाले शुल्कों में पारदर्शिता की कमी पाई गई।

## यूपी वॉरियर्स की सबसे महंगी खिलाड़ी हुई टूर्नामेंट से बाहर

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग 2024 का 11वां मैच यूपी वॉरियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच सोमवार को खेला गया, जिसमें आरसीबी को 23 रन से जीत मिली। इस मैच के बीच यूपी वॉरियर्स को बड़ा झटका लगा। यूपी वॉरियर्स टीम की एक स्टार ओपनर चोट के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। इसकी जानकारी यूपी वॉरियर्स फ्रेंचाइजी ने अपने एक्स पर जानकारी दी और खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट का एलान भी कर दिया है।

दरअसल, यूपी वॉरियर्स की टीम को महिला प्रीमियर लीग 2024 के बीच बड़ा झटका लगा है। WPL 2024 ऑक्शन में यूपी वॉरियर्स ने जिस खिलाड़ी पर करोड़ों रुपये खर्च किए थे, वह चोट के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। ये स्टार खिलाड़ी और कोई नहीं वृंदा दिनेश है, जिन्हें टीम ने 1.8 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था।

महिला प्रीमियर लीग ने अपने ऑफिशियल अकाउंट पर यह जानकारी दी कि यूपी वॉरियर्स टीम की वृंदा दिनेश पूरे सीजन से बाहर हो गई है। वृंदा 28 फरवरी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंजर्ड हो गई थी, उनके कंधे की इंजरी के चलते वह पूरा सीजन खेलने की स्थिति में नही हैं। ऐसे में यूपी वॉरियर्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज उमा छेत्री को अपनी टीम में शामिल कर लिया। बता दें कि यूपी वॉरियर्स ने उमा छेत्री को 10 लाख रुपये की बेस प्राइस में अपनी टीम का हिस्सा बनाया है।

## भारत ने इजरायल में अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली। इजरायल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें इजरायली सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है।**

दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजरायल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजरायल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। यह सलाह ऐसे समय में जारी की गई है जब एक दिन पहले लेबनान से हिजबुल्लाह आतंकवादियों द्वारा दागी गई एंटी-टैंक मिसाइल के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। यह मिसाइल इजरायल के उत्तरी सीमावर्ती मार्गालियोट समुदाय के पास एक बगीचे में गिरी थी। इस हमले के तीनों पीड्ति केरल के थे।

भारत में इजरायल दूतावास ने लेबनान द्वारा की गई टैंक रोधी गोलीबारी को कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला बताया और शोक संतप्त परिवारों के लिए प्रार्थना की।

## महिला प्रीमियर लीग में बड़ा विवाद, लेग स्पिन गेंद को डीआरएस ने गुगली दिखाकर आउट करार दिया

बेंगलुरु । महिला प्रीमियर लीग 2024 का 11वां मैच विवादों में रहा है। यह विवाद किसी और वजह से नहीं बल्कि प्रसिद्ध डिसीजन रिव्यू सिस्टम (ष्ठक्रस्) की वजह से हो रहा है। लीग के 11वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हरा दिया। यूपी वॉरियर्स की ओपनर चमारी अटापट्टू को फील्ड अंपायर द्वारा नॉटआउट देने के बाद डीआरएस ने उन्हें आउट करार दिया। हालांकि, जो रिव्यू सामने आया है, विवाद उस पर है। ष्ठक्रस् के इस फैसले के बाद टेक्नोलॉजी पर सवाल ख? होने लगे हैं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंगलोर ने 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 198 रन बनाए थे। कप्तान स्मृति मंधाना ने 50 गेंद में 80 रन और एलिस पेरी ने 37 गेंद में 58 रन की पारी खेली थी। 199 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी की टीम को पहला झटका पांचवें ओवर में लगा जब किरण नवगिरे 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद बल्लेबाजी करने आईं चमारी अटापट्टू को पारी के सातवें ओवर की तीसरी गेंद विवादास्पद तरीके से लेग बिफोर विकेट आउट दिया गया। इस विकेट के बाद ष्ठक्रस् सवालों के घेरे में है।

यूपी की पारी के सातवें ओवर में जॉर्जिया वेयरहैम गेंदबाजी कर रही थीं। उनकी गेंद पर स्वीप शॉट लगाने के चक्कर में अटापट्टू गेंद को मिस कर गईं और गेंद उनके पैड पर जा लगी। इसके बाद आरसीबी के खिलाf?यों ने जोरदार अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने उन्हें नॉटआउट दिया। इसके बाद आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने डीआरएस का इस्तेमाल किया। बॉल ट्रैकिंग में दिखा कि गेंद बल्ले से नहीं टकराई थी, जिसके बाद एल्बीडब्ल्यू को चेक किया गया। ऑरिजनल वीडियो देखने से लगा था कि गेंद स्पिन होगी और बाईं ओर मुड़ जाएगी और स्टंप्स को मिस कर देगी, लेकिन हॉकआई ने इसे गुगली की तरह दूसरी तरफ मुड़ता हुआ दिखा दिया। हॉकआई में गेंद बाईं की जगह दूसरी तरफ मुड़ गई और उसने पुष्टि की कि यह स्टंप से टकराएगी।

वेयरहैम की लेग स्पिन गेंद डीआरएस में स्टंप्स के बीचों-बीच लगती नजर आई। इसके बाद मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलकर आउट देना पड़ा।

## बर्बादी की कगार पर पहुंची चीन की अर्थव्यवस्था?

नई दिल्ली। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन पिछले साल से ही अपनी खराब आर्थिक हालत को लेकर चर्चा में है. चीन इन दिनों कई समस्याओं का सामना कर रहा है. इनमें से कम विदेशी निवेश, युवाओं की रिकॉर्ड बेरोजगारी, विकास दर, कमजोर मुद्रा, कम निर्यात और प्रॉपर्टी सेक्टर का संकट प्रमुख है.



जानकारों की मानें तो साल 2023 में चीन की अर्थव्यवस्था में जो गिरावट शुरू हुई थी उसमें इस साल भी यानी 2024 में भी वापसी की गुंजाइश नजर नहीं आ रही है. इस बीच अपनी अर्थव्यवस्था में खराब कर्ज की समस्या से निपटने के लिए चीन बड़ी संख्या में छोटे बैंकों का विलय कर रहा है.

हालांकि चीन की कमजोर होती अर्थव्यवस्था के बीच एक सवाल ये उठता है कि इसका दुनिया के अन्य देशों पर क्या असर पड़ेगा? दरअसल कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के राजस्व का बड़ा हिस्सा चीन के बड़े उपभोक्ता बाजार से आता है. ऐसे में अगर चीन की एक अरब 40 करोड़ आबादी अपने खर्च को कम कर देती है तो एप्पल, वॉक्सवैगन और बरबेरी जैसी सैकड़ों मल्टीनेशनल कंपनियों का क्या होगा?

कुछ अर्थशास्त्रियों के मुताबिक चीन की खराब अर्थव्यवस्था का असर कई मल्टीनेशनल कंपनियों और उनके कर्मचारियों पर भी पड़ सकता है. इन कंपनियों और कर्मचारियों का सीधे तौर पर तो चीन से कोई संबंध नहीं है, लेकिन क्योंकि उन कंपनियों के प्रोडक्ट के करोड़ों ग्राहक हैं इसलिए अगर चीन की आर्थिक स्थिति खराब होती है तो इसका असर अप्रत्यक्ष तौर पर कंपनियों पर भी पड़ता है.

रियल एस्टेट संकट- पटना यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर राजेश सिंह ने एबीपी न्यूज से बात करते हुए कहा कि चीन की आर्थिक स्थिति बिगड़ने का सबसे बड़ा कारण सिस्टम की खामी है. आसान भाषा में ऐसे समझिए कि चीन ने लगभग 45त्न ग्रोथ इनवेस्टमेंट आधारित किया है और निवेश का सीधा संबंध रियल एस्टेट से है. चीन की जनता ने अपने कुल निवेश का लगभग 70त्न रियल एस्टेट में कर रखा है. इस देश के बैंक के मुताबिक साल 2022 के आखिर तक यहां के लगभग 78 करोड़ चीनी नागरिक कर्ज में डूब चुके थे और उन पर सारा कर्ज रियल एस्टेट का था.

# प्रथम पृष्ठ का शेष

***'24 घंटे में मिल जाएगी जानकारी...***

चुनाव से पहले जानकारी सार्वजनिक करने की मांग- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की थी और इसे लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का असली चेहरा छिपाने का आखिरी प्रयास करार दिया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी ने चंदा कारोबार को छिपाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। उन्होंने कहा, जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनावी बॉन्ड के बारे में सच्चाई जानना देश के लोगों का अधिकार है, तो फिर एसबीआई क्यों नहीं चाहता कि यह जानकारी चुनाव से पहले सार्वजनिक की जाए?

बैंक की ओर से दाखिल हुई याचिका- बैंक की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कड़े कदमों के कारण कि दानदाताओं की पहचान गुमनाम रखी जाए, चुनावी बॉन्ड को डिकोड करना और दानकर्ताओं द्वारा दिए गए दान का मिलान करना एक जटिल प्रक्रिया होगी। बॉन्ड जारी करने से संबंधित डेटा और बॉन्ड के मोचन से संबंधित डेटा को दो अलग-अलग साइलो में दर्ज किया गया था। कोई केंद्रीय डेटाबेस नहीं रखा गया था। याचिका में कहा गया है, दाता का विवरण निर्दिष्ट शाखाओं में एक सीलबंद लिफाफे में रखा गया था और ऐसे सभी सीलबंद लिफाफे आवेदक बैंक की मुख्य शाखा में जमा किए गए थे, जो मुंबई में स्थित है।

15 फरवरी को चुनावी बॉन्ड योजना को किया रद्द- एक ऐतिहासिक फैसले में, जिसने सरकार को बड़ा झटका दिया, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था। दरअसल, कोर्ट का , यह कहते हुए कि यह बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ सूचना के अधिकार के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन करता है।

लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले अपने फैसले में शीर्ष अदालत ने एसबीआई को छह साल पुरानी योजना के योगदानकर्ताओं के नाम चुनाव आयोग को बताने का आदेश दिया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्देश दिया कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करना होगा। जानकारी में नकदीकरण की तारीख और बॉन्ड का मूल्य शामिल होना चाहिए और 6 मार्च तक चुनाव पैनल को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

***न्यूज प्रिंट की लागत बढ़ने से ...***

डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में होने वाली गिरावट से भी प्रिंट मीडिया उद्योग की लागत में बढ़ोतरी हो रही है। आईएनएस ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को कायम रखने के लिए प्रिंट मीडिया उद्योग का जिंदा रहना सबसे जरूरी है। सोशल मीडिया पर गलत सूचना के प्रसार के इस युग में प्रिंट मीडिया पाठकों में खबरों के प्रति विश्वसनीयता कायम करने का काम कर रहा है। प्रिंट मीडिया सरकार की नीति व लोक कल्याणकारी कार्यक्रम की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाने का काम करता है।

***पीएम मोदी आज करेंगे देश के पहले....***

कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर (प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग) सैयद मो. जमील हसन बताते हैं कि 2010 में टनल बनाने का कॉन्ट्रैक्ट एफकॉन्स कंपनी को दिया. एफकॉन्स ने जर्मन कंपनीहेरेनकनेक्ट सेल बोरिंग मशीन (टीबीएम) मंगाई. इन मशीनों के नाम प्रेरणा और रचना हैं, जो एफकॉन्स के एक कर्मचारी की बेटियों के नाम पर हैं. इस प्रोजेक्ट की दो सबसे बड़ी चुनौतियां थीं. पहली खुदाई के लिए सही मिट्टी का चुनाव और दूसरी टीबीएम की सेफ्टी कोलकाता में हर 50 मी. दूरी पर अलग-अलग तरह की मिट्टी मिलती है. टनल के लिए सही जगह पहचानने के लिए मिट्टी के सर्वे में ही 5-6 महीने गुजर गए 3 से 4 बार सर्वे के बाद तय हुआ कि हावड़ा ब्रिज से हुगली नदी के तल से 13 मी. नीचे की मिट्टी में टनल बन सकती है.

***फेसबुक और इंस्टाग्राम सर्वर डाउन...***

ऐलन मस्क साधा निशाना- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क फेसबुक और इंस्टाग्राम डाउन होने पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि अगर आप इस पोस्ट को देख पा रहे हैं तो इसका मतलब है कि हमारा सर्वर ठीक से काम कर रहा है।

***पश्चिम बंगाल सरकार ने शाहजहां ....***

को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है. शाहजहां शेख 5 जनवरी से फरार था, जब प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की एक टीम पर छापे के दौरान उसके समर्थकों की भीड़ ने हमला बोल दिया था. इस हमले और शाहजहां शेख के फरार होने के बाद बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था. इसे लेकर भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला था और पार्टी पर उसे बचाने का आरोप लगाया था. 55 दिनों तक फरार रहने के बाद पुलिस की एक विशेष टीम ने उसे गिरफ्तार किया था. वहीं तृणमूल ने छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया था.

***लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस..***

उन्हें इतनी गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। मंतूराम पवार 2023 के चुनाव में पवार समथर्क दल नाम से संगठन बना अंतागढ़ से निर्दलीय चुनाव लड़ा था जिसमें उन्हें कुल 13 हजार मत मिले। अब वे फिर समथर्कों के साथ भाजपा में शामिल हो गए है।

***7 भारतीयों को धोखे से रूस ने ...***

वो एक वीडियो संदेश रिकॉर्ड कर अपनी स्थिति समझा रहा है और मदद गुहार लगा रहा है। गगनदीप के अनुसार, वे 27 दिसंबर को नया साल मनाने के लिए रूस के लिए रवाना हुए। इन लोगों के पास रूस यात्रा के लिए वीज़ा था - जो 90 दिनों के लिए वैध था - लेकिन फिर पड़ोसी देश बेलारूस की यात्रा की। यहां एक एजेंट ने हमें बेलारूस ले जाने की पेशकश की. हमें नहीं पता था कि हमें वीजा की जरूरत है। जब हम बेलारूस गए (बिना वीजा के) तो एजेंट ने हमसे और पैसे मांगे और फिर हमें छोड़ दिया। पुलिस ने हमें पकड़ लिया और हमें रूसी अधिकारियों के हवाले कर दिया गया, जिन्होंने हमसे दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर कराए। गगनदीप के अनुसार, अब उन्हें रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

## दिल्ली की लगातार चौथी जीत-डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को 29 रन से हराया, लेनिंग-जेमिमा के अर्धशतक

दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में लगातार चौथी जीत हासिल की है। टीम ने मंगलवार को डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को 29 रन के अंतर से हराया। इस जीत से दिल्ली कैपिटल्स पॉइंट्स टेबल के टॉप पर कायम है। टीम के खाते में 8 अंक हैं और दिल्ली ने 5 मैच में से 4 जीत हासिल की है, जबकि एक मैच गंवाया है।

दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 163 रन ही बना सकी।

### मुंबई ने 68 रन पर गंवा दिए थे 5 विकेट

193 रन का टारगेट चेज करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम ने 68 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। ओपनर हेली मैथ्यूज (29 रन) के अलावा टॉप ऑर्डर की कोई बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। यास्तिका भाटिया 6, नेटली सीवर ब्रंट 5 और कप्तान हरमनप्रीत कौर 6 रन बनाकर आउट हुईं। ऐसे में अमेलिया केर ने 17 रन बनाकर बिखरती पारी संभालने की नाकाम कोशिश की। निचले क्रम की बल्लेबाज भी खास पारी नहीं खेल सकीं। दिल्ली की ओर से जैस जॉनसन ने तीन विकेट चटकाए, जबकि मरियम कैप ने दो विकेट हासिल किए।

### लेनिंग और जेमिमा के अर्धशतक

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लेनिंग ने 53 और जेमिमा रोड्रिगेज ने नाबाद 69 रन बनाए। जबकि ओपनर शेफाली वर्मा ने 28 रन का योगदान दिया। शब्निम इस्माइल, साइका इशाक, पूजा वस्त्राकर और हेली मैथ्यूज को एक-एक विकेट मिले।

# मोहगांव जहां प्रत्येक घर अवैध ईट भट्ठों का हो रहा संचालन राजस्व और खनिज विभाग की मौन स्वीकृति -राजेश मेश्राम







**राजेश मेश्राम**

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत जोंधरा के आश्रित ग्राम मोहगांव में इन दिनों लगभग 100 घरों की बस्ती में 75 घरों में अवैध ईट भट्ठो का निर्माण किया जा रहा है प्रतिनिधि द्वारा 4 फरवरी रविवार को ईट निर्माताओं के निर्माण स्थल पर जाकर देखा तो पता चला कि हर भट्ठे में कहीं 50000 तो कहीं 30000 तो कहीं 20000 तो कही लाखों ईट बनाकर उनकी बिक्री भी कर दी गयी है, और कई भटठे में इस समय पक रहे है एवं साथ-साथ नए ईटों का निर्माण आबाध रूप से संचालित है। प्रतिनिधि द्वारा पूछने पर मोहगांव के ईट भट्ठा संचालकों ने कहा कि वह अपने घर के लिए बना रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि यह निर्माण के पश्चात जरूरतमंदों को महंगे दामों पर अपनी ईंटों की बिक्री करते हैं।

### जंगलों की बेशुमार कटाई

ईट को पकाने के लिए ग्रामीण जंगलो का खुलेआम दोहन कर रहे हैं क्योंकि ग्राम मोहगांव चारों तरफसे जंगलों से घिरा हुआ है इसलिए ईट निर्माताआओं को अपने ईट को पकाने के लिए प्रकृतिदत्त जंगल ही उपहार के रूप में मिल गया है। बावजूद इसके वन विभाग ने भी अब तक इस ग्राम में दबिश नहीं दी है।

### ना ही खनिज विभाग की स्वीकृति और ना ही पर्यावरण विभाग की स्वीकृति

मोहगांव में संचालित ईट भट्टों मालिकों के पास ना तो खनिज विभाग की ही स्वीकृत है और ना ही पर्यावरण विभाग की स्वीकृति है इसके साथ-साथ ईट भट्ठा निर्माण के लिए जिन मापदंडों का पालन किया जाता है ना ही उसका पालन किया जा रहा है ।

बीच बस्ती में ईट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिस जमीन में ईट भट्टा का निर्माण किया जा रहा है ना ही उस जमीन का कोई उनके पास कोई रजिस्ट्रेशन है और ना ही कमर्शियल कराया हुआ कोई कागज है।

### खनिज विभाग राजस्व विभाग की भूमिका संदेह के दायरे में

इतनी बड़ी तादाद में ईट भट्ठो का निर्माण होना और खनिज विभाग या राजस्व विभाग द्वारा इन पर अब तक कोई कार्रवाई न किया जाना विभाग की विश्वनीयता को ही तांक पर लाकर खड़ा कर दिया है। सचिव ने कहा आवास की कोई स्वीकृति नहीं - ग्राम पंचायत जोंधरा के सचिव बलिराम कोर्राम से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत जोंधरा के आश्रित ग्राम मोहगांव में वर्तमान में किसी भी ग्रामीण के लिए आवास स्वीकृत नही है।

### खनिज विभाग से प्रशासन की हो रही छवि धूमिल

खनिज विभाग के गैरजिम्मेदाराना कार्यो की वजह से ना सिर्फ खनिज विभाग के प्रति आम जनता की विश्वनीयता खत्म हो रही है, अपितु प्रशासन की छबि भी खनिज विभाग के चलते धूमिल हो रही है।

***अवैध ईट भट्ठो पर कार्यवाही करने का पूरा अधिकार खनिज विभाग को है वो जब कार्यवाही करेंगे। हम सहयोग करने के लिए तैयार है।***

**- नायब तहसीलदार**
**आकांक्षा साहू कुमर्दा**

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही मुस्तैदी के साथ पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करें- कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता शीघ्र ही लागू होने वाली है।। इसे देखते हुए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरे समय मुस्तैद रहकर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नहीं होती। इसलिए निर्वाचन संबंधी कार्यों के संपादन करते समय विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरती जाएगी।

**0 आगामी लोकसभा निर्वाचन की आवश्यक सम्पूर्ण तैयारियों के संबंध में दिए निर्देश,**
**0 राजस्व एवं न्यायलयीन से संबंधित लंबित प्रकरणों को शीध्र निराकृत करे- कलेक्टर**

श्री वर्मा ने निर्वाचन संबंधी सभी प्रशिक्षणों के पश्चात अनिवार्य रूप से टेस्ट भी आयोजित करने को कहा। बैठक में श्री वर्मा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से वन-टू-वन एजेंडावार जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं न्यायलयीन प्रकरणों के मामलो पर चर्चा की तथा सभी लंबित प्रकरणों को शीध्र निराकृत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा की आगामी 6 तारिक को शक्ति वंदन अभियान एवं 7 तारीख को महतारी वंदन योजना अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम जिला एवं विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम किया जाना है, जिसके लिए संबंधित अधिकारी संपूर्ण तैयारी समय में पूर्ण करें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान चुनावी सुरक्षा में लगे जवानों के रुकने एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं प्रदान करें। जिसमें बिजली, पानी, टॉयलेट एवं अन्य सुविधाए शामिल हो तथा संबंधित विभाग एक बार चयनित स्थानों के भौतिक सत्यापन करने कहा।

बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंध समिति का गठन किया गया।

जिसके संबंध में परियोजना निदेशक जितेन्द्र कुमार साहू द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान सुश्री रेणुका रात्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।।

# फागेश्वर साहू को मिला संस्कृत में पीएचडी की उपाधि

खैरागढ़ (दावा)। सेजेस राजनांदगांव में संस्कृत के व्याख्याता के पद पर कार्यरत फागेश्वर साहू को इन्दिरा कला संस्कृति विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने संस्कृत में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।

उनका शोध कार्य विवि के संस्कृत विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. पूर्णिमा केलकर के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। जिसमें उनके शोध का विषय - ''संस्कृत के रूपकों एवं उपरूपकों में निहित लोकतत्व, भाव और विचार-एक अनुशीलन (अविमारकम्, दरिद्रचारुदत्तम्, मालतीमाधवम्, मृच्छकटिकम् के विशेष सन्दर्भ में)'' था। फागेश्वर साहू से डॉ.फागेश्वर साहू बनने तक का उनका सफर छुरिया ब्लॉक के बम्हनी चारभाटा से शुरू हुआ।



**० फागेश्वर साहू से डॉ. फागेश्वर साहू तक की यात्रा**

उनके माता पिता कृषि का कार्य करते हैं। बचपन से ही होनहार रहें फागेश्वर की स्कूली शिक्षा गांव से हुई है। उन्होंने नेहरू महाविद्यालय, डोंगरगढ़ से बी.एससी. स्नातक किया। स्नातक की पढ़ाई के दौरान ही संस्कृत के प्रति उनकी रुचि जागृत हुई और उन्होंने संस्कृत में एम.ए. करने का मन बना लिया। दिग्विजय महाविद्यालय से संस्कृत में सर्वाधिक अंक के साथ एम.ए. उत्तीर्ण किया। अनन्तर संस्कृत के प्रति उनका प्रेम बढ़ता ही गया और उन्होंने उसमें पीएचडी करने की ठान ली और अंततः 20 फरवरी 2024 को पीएचडी की यात्रा पूर्ण हुई।

# प्राथमिक शाला सिरलगढ़ एवं आश्रम शाला बुटाकसा के छात्रा-छात्राएं पाटेश्वरधाम, खरखरा जलाशय का शैक्षणिक भ्रमण किए

बांधाबाजार (दावा)। प्राथमिक शाला सिरलगढ़ एवं आश्रम शाला बुटाकसा संकुल बुटाकसा विकासखंड जिला-मोहला मानपुर, अम्बागढ़ चौकी के छात्रा-छात्राएं पाटेश्वरधाम, खरखरा जलाशय का शैक्षिक भ्रमण किए। शैक्षिक भ्रमण का शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष महत्व है। नीलकंठ कोमरे ने बताए की शैक्षिक भ्रमण से हम प्रकृति की सुन्दरता से रू-ब-रू होते हैं। मानव की सुन्दर कलाकृतियों से परिचित होते हैं, साथ ही साथ कुदरत की कुछ रहस्यों से भी परिचित होते हैं, जिसमें हमारे ज्ञान में वृद्धि होती है। पाटेश्वरधाम बालोद जिला के डौंडीलोहारा ब्लॉक मुख्यालय से 21 किमी दूर पाटेश्वर धाम है। यहां प्रदेश का 108 फीट मंदिर का निर्माण 29 जनवरी 2005 से चल रहा है। मंदिर में राजस्थान के बंशी पहाड़पुर के लाल रंग के पत्थर का उपयोग हो रहा है। संत रामबालक दास महात्यागी ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य में 25 करोड़ खर्च आएगी। अब तक आठ करोड़ रुपए से अधिक खर्च किया जा चुका है। प्रथम तल का निर्माण पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण का काम चल रहा है। मंदिर में पंचमुखी हनुमान की मूर्ति है।मंदिर में 108 मूर्तियां लगाई जाएंगी, 44 लग चुकीं मंदिर के अंदर दिवारों में अष्टवस्तु, पंचकन्या, यक्षगंधर्व, आपको 108 हिंदू देवी-देवताओं के मूर्तियां देखने को मिलेंगी। अब तक प्रथम तल में 44 मूर्ति लगाई जा चुकी है। जिसमें सर्व समाज के अलावा देश के हिंदू धर्म गुरुओं की मूर्तियां। मंदिर में उद्भुत तो यह होगा कि प्रवेश द्वार में 51 किलो की घंटी और अंदर अफसरा हवा में लटकी हुई मिलेगी। यह किसी के सहारे पर नहीं टिकी होगी। यह नजारा डौंडीलोहारा ब्लॉक के प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जामड़ी पाटेश्वर धाम का है, जहां नए साल के पहले दिन 416 सीढ़ी चढ़कर मूर्तियों का दीदार करने लोग सुबह से शाम तक पहुंचते रहे। कई लोग परिवार के सदस्यों व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे। यहां भगवान श्री राम, माता जानकी, शंकर सहित मूर्तियां आकर्षण का केंद्र है। खरखरा जलाशय बालोद जिले में खरखरा नदी पर स्थित पुर्णतः मिट्टी से निर्मित जलाशय है। इसकी लाम्बई लगभग 1128 मीटर है। यह एक सायफन परियोजना है, इसका निर्माण 1967 में किया गया था।हरियाली से भरा बेहतरीन नजारा निर्माण व क्षमता - वर्ष 1964-66 अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल मे बने डौंडीलोहारा विकासखण्ड के खरखरा बांध जिसका जलग्रह क्षेत्र 371.66 वर्ग किलोमीटर लम्बाई 1440 मीटर 105 ग्रामो को जल से लाभान्वित करने वाली व 6 नहरों को जल प्रदाय करने वाली इस बड़े जल परियोजना से भिलाई स्टील प्लांट को पानी सप्लाई होता है। साथ ही साथ भिलाई व दुर्ग नगर निगम के बड़े क्षेत्रो में भी पेयजल हेतु इसका उपयोग किया जा रहा है। वही कई तालाबो में निस्तार हेतु पानी भी दिया जा रहा है।शैक्षिक भ्रमण में नीलकंठ कोमरे, योगेंद्र कुमार देवांगन, संतोषी भुआर्य, दीपक कुम्भज, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष चंद्रकुमार सिन्हा, पीताम्बर चंद्रवंशी, एंजल, प्रवीण, समर, कनिका, डेविड, प्रदीप, अभिषेक, काव्या, निधि, वासनिक, प्रांजल, शाला के समस्त बच्चे के खूब मजा किए एवं आनंद के अनुभूतियां प्राप्त किए।



## महापौर ने किया महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। ब्रह्माकुमारीज द्वारा डोंगरगांव रोड, गोकुल नगर के आगे, बिजली सब स्टेशन के पास स्थित ''ज्ञान मान सरोवर'' में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ 4 मार्च सोमवार को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख जी ने पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर पार्षद गगन आईच भी उपस्थित थे स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहनजी ने बताया कि 40 फीट ऊंचा शिवलिंग एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग की मनोरम झाँकी सजाई गई है जो 10 मार्च रविवार तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ निःशुल्क खुली रहेगी।

# बापू की रिहाई को लेकर सड़क पर उतरे हजारों लोग, बापूजी निर्दोष के लगे नारे

**राजनांदगांव (दावा)। संतों का अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाते हुए महिला उत्थान मंडल व श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा संत आशारामजी बापू की रिहाई को लेकर विशाल आम सभा व भव्य यात्रा का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में महिलाएं साधको पर उतरकर संस्कृति रक्षक संत आशारामजी बापू की रिहाई की मांग की । संस्कृति रक्षा यात्रा की शुरुआत महावीर चौक से करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गांधी सभागार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में समापन किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित नगर के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रमुखों ने अपनी-अपनी भावनाएं व्यक्त की । छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष व किसान नेता अशोक चौधरी, विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल विभाग मंत्री छत्तीसगढ़ प्रान्त अरुण गुप्ता भी उपस्थित होकर पूज्य बापूजी की रिहाई की मांग की तथा संयुक्त रूप से सांसद संतोष पाण्डेय व जिला कलेक्टर को सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।**

महिला उत्थान मंडल की बहनो ने पिछले 11 वर्षो से झूठे आरोपों के तहत जोधपुर कारागार में रखे गये 86 वर्षीय निर्दोष संत आशारामजी बापू के स्वास्थ्य की स्थिति अत्यंत नाजुक है। जेल जाने से पूर्व 74 की उम्र में अतिव्यस्त जीवनशैली के बावजूद बापूजी को सिर्फ ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया व पीठ-दर्द की तकलीफ थी परन्तु अब 86 वर्ष की इस वयोवृद्ध अवस्था में उनको हृदयरोग, पौरुष ग्रंथि की वृद्धि, संधिवात एवं रक्ताल्पता आदि नयी बीमारियों ने भी घेर लिया है। तनावमुक्त वातावरण में इच्छानुसार चिकित्सा आदि के अभाव से इन प्राणघातक बीमारियों की निवृत्ति न होने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है । जिस वजह से उनके समर्थक उनके उत्तम उपचार तथा शारीरिक स्थिति को देखते हुए पैरोल की मांग करते आ रहे है, पर 11 साल में आज तक उनको एक दिन की पैरोल तो दूर उनके इच्छानुरूप स्वास्थ्य भी मुहैय्या नहीं कराई जा रही।





**आशारामजी का स्वास्थ्य गंभीर, रिहाई को लेकर सड़को पर उतरे हजारों महिलाएं**

### गंभीर बीमारियों के कारण शारिरिक स्थिति कमजोर

बता दे कि आशारामजी बापू 13 जनवरी से 6 फरवरी 2024 तक जोधपुर के एम्स अस्पताल में कार्डियक आई.सी.यू. में भर्ती रहे हैं । AIIMS की रिपोर्ट के अनुसार उनके हृदय में 3 गम्भीर (99%, 90% और 75%) ब्लॉकेज हैं । बापूजी को लगातार रक्तस्राव हो रहा है, जिसकी वजह से उनके हीमोग्लोबिन का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। उनकी गम्भीर शारीरिक स्थिति को देखते हुए हाल ही में पैरोल की अर्जी लगायी गयी थी जिसे उनके रोग की भयानकता को अनदेखा करके रद्द कर दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा खराब स्वास्थ्य के आधार पर मिलनी चाहिये जमानत

2022 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कैदी को खराब स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत देने में उदारता बरती जानी चाहिए। व्यक्ति का सेहत ठीक रहे यह सबसे जरूरी है। उसकी सेहत से संबंधित समस्याओं का राज्य सरकार ध्यान रखे, न्यायपालिका को भी इसे सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ देखना चाहिए। यह हर नागरिक का ऐसा संवेदनशील मौलिक अधिकार है जिसकी रक्षा होनी ही चाहिए । लेकिन आशारामजी बापू के मौलिक अधिकार का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। बापूजी की रिहाई हेतु पूरे देशभर में अनेकों संगठनों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री को शीघ्र रिहाई के लिए ज्ञापन भी सौंपा जा रहा है पर भी सरकार इस ओर किसी तरह ध्यान नही दिया जा रहा।

महिला उत्थान मंडल की बहने व श्री योग वेदान्त सेवा समिति साधक ने बताया कि नारी संगठन एवं कई हिन्दू संगठनों के द्वारा यह मांग की गई कि देश, धर्म, संस्कृति और समाज के सर्वांगीण उत्थान में पूज्य संत श्री आशारामजी बापू का बड़ा योगदान है अतः सरकार द्वारा पूज्य बापूजी को उनकी इच्छानुसार यथेच्छित स्थान पर यथानुकूल चिकित्सा-पद्धति द्वारा उपचार हेतु शीघ्रातिशीघ्र राहत दी जानी चाहिए व उनके मानवाधिकारों की रक्षा करते हुए व 86 वर्षीय उम्र और वृद्धावस्था को देखते हुए उनकी शीघ्रातिशीघ्र ससम्मान रिहाई हेतु योग्य स्तर पर उचित कार्यवाही की जायें। इस यात्रा में महिला उत्थान मंडल व श्री योग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारियों सहित खैरागढ़, गंडई, मोहला, चौकी, छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव समिति के भाई-बहन, साधकगण, प्रतिष्ठित नागरिक व सामाजिक संगठन के सदस्य शामिल हुए।

# सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल का किया गया गठन

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु विधानसभावार सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल का गठन किया है। प्रत्येक विधानसभा के सहायक व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से आने वाले व्यय प्रेक्षक को सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लेखा टीम को मॉनिटरिंग करेंगे। प्रत्येक लेखा दल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-6 राजनांदगांव के प्रत्येक अभ्यर्थी के छायाप्रेषण रजिस्टर एवं साक्ष्यों का फोल्डर का दैनिक लेखा का रखरखाव अनुलग्नक-ख 13 में दिए गए फॉमेट में सहायक व्यय प्रेक्षक के मार्गदर्शन में करेंगे। लेखा टीम व्यय के मदों के प्रविष्टि करेंगे और प्रत्येक मद के सम्मुख अधिसूचित दर लिखेंगे, फिर प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए कुल व्यय की गणना करेंगे।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ के लिए संभागीय लेखाधिकारी कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजनांदगांव गोर्तिराज भास्कर को सहायक व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। लेखा दल में सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी कार्यालय जनपद पंचायत डोंगरगढ़ कोरेन लियुस कुजुर, लेखापाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा डोंगरगढ़ महेश कुमार माघमारे, सहायक ग्रेड-2 कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ चन्द्रकिशोर देवांगन, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ दिनेश कुमार देवांगन शामिल है। लेखापाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बधियाटोला डोंगरगढ़ रामकुमार देवांगन को रजिर्व में रखा गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए लेखाधिकारी कार्यालय अधिष्ठता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव श्री टेकेन्द्र कुमार भट्ट को सहायक व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। लेखा दल में सहायक लेखाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित राजनांदगांव श्री मुकेश कुमार सोनी, लेखापाल कार्यालय जिला हाथकरघा राजनांदगांव श्री डालचंद कोरी, सहायक ग्रेड-2 कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री टीके महोबिया, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव संतोष देवांगन को शामिल किया गया है। लेखापाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भर्रेगांव राजेन्द्र कुमार रामटेके को रिजर्व में रखा गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगढ़ के लिए वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग राजनांदगांव मुकुल कुमार को सहायक व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। लेखा दल में सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक कार्यालय जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ओम प्रकाश जैन, लेखापाल कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव कामलेश कुमार हेड़ाऊ, सहायक ग्रेड-2 कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव रामलाल साहू, डाटा एन्ट्री आपरेटर कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव प्रकाश कौमार्य को शामिल किया गया है। लेखापाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बडग़ांव चारभांठा डोंगरगांव श्री सीएल पाथरे को रिजर्व में रखा गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के लिए वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव निशान्त सिंह को सहायक व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। लेखा दल सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक कार्यालय जनपद पंचायत छुरिया प्रेमानंद रामटेके, लेखापाल मनरेगा जनपद पंचायत छुरिया शंकर लाल चंद्रवंशी, सहायक ग्रेड-3 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया हरिशंकर मेश्राम, सहायक ग्रेड-3 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया चेतन लाल साहू को शामिल किया गया है। सहायक ग्रेड-2 कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव विवेक शर्मा को रिजर्व में रखा गया है।

# कॉनफ्लुएंस महाविद्यालय में कंप्यूटर नेटवर्क पर व्याख्यान


राजनांदगांव (दावा)। कॉनफ्लुएंस महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा कंप्यूटर नेटवर्क के टीसीपी आईपी एवं ओ.एस.आई.मॉडल टॉपिक पर गेस्ट लैक्चर कराया गया। जिसे स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक दीपक सिंह द्वारा व्याख्यांनतीत किया गया।

उन्होंने इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीसीपी/आईपी और ओएसआई मॉडल, दोनों में एक स्तरित संरचना होती है. ये दोनों ही मॉडल, संचार के प्रवाह का वर्णन करते हैं और प्रोटोकॉल स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं. ये दोनों ही मॉडल, डेटा एनकैप्सुलेशन का इस्तेमाल करते हैं और विभाजन और पुनः संयोजन को संभालते हैं. हालांकि, टीसीपी/आईपी मॉडल का इस्तेमाल ज़्यादातर किया जाता है, खासकर इंटरनेट से जुड़े कामों में. नेटवर्क क्षेत्र में डाटा के संप्रेषण में टी.सी.पी/आईपी तथा ओ.एस.आई. माडल बहुत महत्वपूर्ण है। इस व्याख्यान को कराने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को टी.सी.पी./आई.पी. तथा ओ.एस.आई. माडल के कार्यप्रणाली से अवगत कराना है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कंप्यूटर क्षेत्र के लिए डाटा संप्रेषण में टी .सी.पी.आईपी तथा ओ एस आई आधारभूत ढांचा है अतः इसकी जानकारी होना आवश्यक है। इस व्याख्यान में महाविद्यालय के सभी विधार्थी एवं सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।



# भाजपा की तरह कांग्रेस भी दिग्गज नेताओं पर लगा रही दांव, बघेल राजनांदगांव से तो बिलासपुर से सिंहदेव लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों घोषित कर दिए हैं। भाजपा सूची आने के बाद कांग्रेसी खेमे में हलचल तेज हो गई है। फिलहाल कांग्रेस की ओर से गुरुवार को केंद्रीय चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि इस बैठक के बाद कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित सूची जारी हो जाएगी।



माना जा रहा है कि इस बार पार्टी कई दिग्गज नेताओं को लोकसभा के रण में उतार सकती है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल और प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्रियों के नाम भी पैनल में है। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी ने छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर फैसला ले लिया है। 4 मार्च को हुई बैठक में दावेदारों के नाम पर सहमति बन गई है। प्रदेश की 11 सीटों में से अब तक सिर्फ कोरबा संसदीय क्षेत्र के पैनल में ही मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत का नाम है। बाकी सभी 10 सीटों के लिए दो से चार नाम का पैनल बनाया गया है। इसमें ज्यादातर सीटों पर पार्टी के सीनियर नेताओं के नाम चर्चा में हैं। पैनल में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, सांसद ज्योत्सना महंत और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव के नाम शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि किसी पूर्व मंत्री ने लोकसभा चुनाव के लिए आवेदन नहीं किया था। जबकि कुछ दिग्गज नेताओं ने पीसीसी की जगह सीधे प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के समक्ष चुनाव लड़ने इच्छा जाहिर की है। इस आधार पर बड़े नेताओं के नाम पैनल में शामिल किए गए हैं।

राज्य में रायपुर सबसे हाई प्रोफाइल सीट है। यहां से भाजपा ने मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को मैदान में उतारा है। जानकारी के अनुसार बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ कांग्रेस विकास उपाध्याय, डॉक्टर राकेश गुप्ता और सुशील आनंद शुक्ला को उतार सकती है। हालांकि इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम की भी चर्चा है। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू का नाम भी सामने आया है। धनेंद्र पहले भी एक बार रायपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं।

इसके अलावा राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दुर्ग सीट से पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, महासमुंद सीट से उमेश पटेल और पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, जांजगीर सीट से पूर्व मंत्री शिव डहरिया, कोरबा से सांसद ज्योत्सना महंत (महिला) और चरणदास महंत के नाम हैं। जबकि बस्तर सीट से लखेश्वर बघेल, हरीश लखमा, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नाम पैनल में है। बैज इस सीट से मौजूदा सांसद हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो बैज ने खुद भी इस बार बस्तर से चुनाव लड़ने के लिए कोई खास रूचि नहीं दिखाई है। ऐसे में संभावना है कि यहां से लखमा परिवार से किसी एक को टिकट दिया जा सकता है।

कांकेर सीट से बीरेश ठाकुर, पूर्व मंत्री अनिला भेंड़िया और मोहन मरकाम के नाम है। सरगुजा से शशि सिंह (महिला), प्रेम साय सिंह के नाम है। रायगढ़ सीट से विधायक लालजीत सिंह और अमरजीत भगत के नाम है। वहीं, बिलासपुर सीट से टीएस सिंहदेव, संतोष कौशिक को लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। इस बार टीएस सिंहदेव अंबिकापुर विधानसभा सीट से अपना चुनाव हार गए हैं। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरगुजा और बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के मामले में एकमत नहीं हो पा रहे हैं। सरगुजा में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और अन्य नेताओं ने अलग-अलग नाम दिए हैं। इसी तरह बिलासपुर में जातिगत समीकरण को लेकर वरिष्ठ नेता एक राय नहीं बना पाए हैं।

## चुनाव से पहले पुलिस ने कसी कमर

# आईजी बोले- इंटरस्टेट बॉर्डर पर रहे कड़ी निगरानी, निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव रेंज के पुलिस अधिकारियों का आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान आईजी दीपक झा ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सके इसके लिए उचित वातावरण बनाए रखें।

दीपक झा ने कहा कि अंतरराज्यीय और अंतरजिला सीमा बॉडर सिलिंग मजबूत करने के निर्देश दिये जिससे नशीली पदार्थो की तस्करी, अवैध हथियार एवं चुनाव में प्रलोभन देने हेतु विभिन्न सामग्री व रूपये आदि पर अंकुश लगाने साथ ही नक्सल गतिविधियों पर नजर बनाये रखने एवं आसूचना का आदान प्रदान सुनिश्चित करने कहा गया।

उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सके इस हेतु उचित वातावरण बनाये रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भमिका होती है। पुलिस अधिकारियों को मतदान के पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पुलिस के कर्तव्य और उनके कार्यो की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों को चुनाव आयोग के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों को अपने उत्तरदायित्व की जानकारी हो इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्याशाला में आये प्रतिभागी यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने जिला, थाना/चौकी में जाकर मास्टर ट्रेनर के रूप वहां के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय मास्टर ट्रेनर कैलाश शर्मा द्वारा शांतिपूर्ण मतदान कराने के संबंध में चुनाव आयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अन्तर्राजीय एवं अन्तर्रजिला इस एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान जिला राजनांदगांव से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा, एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, डीएसपी सुश्री तनुप्रिया ठाकुर, चुनाव सेल प्रभारी एवं शहर के थाना प्रभारीगण उपस्थित थे। इनके अलावा राजनांदगांव रेंज के अन्य तीन जिले कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अंचौकी से आये डी.एस.पी./ एस.डी.ओपी. एवं थाना प्रभारीगण मौजूद रहे।

# महिला समूह की अभिनव पहल : जन्मदिन पर बच्चों को भोजन कराकर दिया उपहार



राजनांदगांव (दावा)। अनमोल महिला समूह एवं शिवाय महिला समूह के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जब भी समूह में किसी का भी जन्मदिन एवं शादी की सालगिरह एवं शुभ प्रसंग होता है, तो स्कूली बच्चों के साथ मनाया जाता है एवं उपहार दिया जाता है। आज भी चिंकी हुकरे के जन्मदिन पर चिखली स्कूल में बच्चों को फल वितरण किया गया।

# प्रधानमंत्री संवाद-मातृत्व शक्ति वंदन अभियान अंतर्गत स्व-सहायता समूह व संगठन की महिलाओं से नरेन्द्र मोदी जी करेगे संवाद

## गांधी सभागृह एवं परमेश्वरी भवन चिखली में होगा सीधा प्रसारण

राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा स्व-सहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों से जूडी महिलाओं से सीधा संवाद किया जायेगा, जिसके सीधा प्रसारण के लिये नगर निगम द्वारा म्यूनिस्पल स्कूल मैदान स्थित गांधी सभागृह एवं चिखली पानी टंकी के पास स्थित देवांगन समाज के परमेश्वरी भवन में प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है।



कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा है, जिसके नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व सहायक नोडल अधिकारी, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को बनाया गया है। साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यवस्थागत सहयोगी का दायित्व सौपा गया है। कार्यक्रम के रूप रेखा के लिये आयुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर विस्तार से चर्चा किये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा कल 6 मार्च को मात्त्व शक्ति वंदन अभियान के तहत महिला स्व सहायता समूहो व महिला संगठनों से सीधा संवाद किया जावेगा, जिसका प्रसारण 10 बजे से होगा। उन्होंने कहा कि दो स्थान गांधी सभागृह एवं परमेश्वरी भवन चिखली में आयोजन किया गया है, जिसका प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया जावेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वाहन करेंगे। बैठक व्यवस्था के साथ साथ प्रोजेक्टर की समुचित व्यवस्था हो।

स्व सहायता समूह व महिला संगठन की महिलाये समय पर उपस्थित रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे, कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिये ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने निगम पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं सहित स्व सहायता समूह व महिला संगठन से जुडी महिलाओं से समय पर उपस्थिति की अपील की है।

# वी.आई. मैथ्यू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग निवासी श्री वी.आई. मैथ्यू का निधन 5 मार्च को हो गया। उनकी अंत्येष्ठी दिनांक 8 मार्च दोपहर तीन बजे उनके निवास स्थान लालबाग से दिग्विजय स्टेडियम कैथोलिक कब्रास्थान के लिए निकलेगी।

# कलेक्टर ने संवेदनशीलतापूर्वक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

**जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर जिले के दूरस्थ स्थानों से पहुंचे नागरिक**



जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। आज जनदर्शन में 64 आवेदन प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार लोगों की सुविधा के लिए अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालय, नगरीय निकायों के कार्यालयों में जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशन में जिला अधिकारियों द्वारा जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही त्वरित निराकरण की दिशा में सार्थक कार्य किया जा रहा है। जनदर्शन कार्यक्रम में आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बैगाटोला निवासी श्री ललित कुमार साहू के निजी भूमि में हाईटेंशन तार लगा हुआ है। जिसके लिए श्री ललित साहू द्वारा मुआवजा राशि की दिलाने की मांग की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस आवदेन पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम राजनांदगांव को निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसी तरह जनदर्शन में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बोदेला निवासी श्री झनेन्द्र श्रीवास ने घर के उपर से विद्युत लाईन को हटाने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फरहद, पनेका एवं रेवाडीह के निवासियों फरहद चौक फ्लाईओवर के नीचे से अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन किया। ग्राम पटेवा निवासी श्री रिखी राम साहू ने मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन किया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बम्हनीभांठा के निवासियों ने मनरेगा योजना अंतर्गत कराये गये कार्यो की मजदूरी भुगतान के लिए आवेदन किया। इसके साथ ही जनदर्शन में ग्रामीणों ने सामुदायिक कार्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति जैसे अनेक कार्यो के लिए आवेदन किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की निगरानी एवं देखरेख में प्राथमिकता से जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लूट के आरोपी बसंतपुर पुलिस के हत्थे चढ़े

राजनांदगांव (दावा)। रिद्धी-सिद्धी कालोनी से 3 मार्च की शाम कच्चे रास्ते से गुड़ाखू लाईन स्थित अपने प्लास्टिक की दुकान जा रहे 56 वर्षीय दिनेश पंजवानी को कुछ लोगों ने रास्ते में रोकर लूटमारी कर ली थी। उन आरोपियों को बसंतपुर पुलिस ने धर दबोचा है।

बताया जाता है कि उस घटना के संबंध में बसंतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने उपरांत थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को तत्काल विवेचना में ले लिया था व बुजुर्ग दिनेश पंजवानी से बताई गई घटना के अनुसार रिद्धी-सिद्धी कालोनी के कच्चे रास्ते से लेकर ग्रीन हाइट, कौरिन भाठा, भदौरिया चौक, लालबाग क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया जिसमें गाड़ी चलाते ब्ल्यू शर्ट व लाल रंग की शर्ट पहने दो युवकों को पीड़ित के पीछे पीछे जाते देखा गया। उक्त युवकों के फुटेज को दिखा कर पीड़ित दिनेश पंजवानी से पहचान कराया गया व उन दोनों युवकों के पहचान हो जाने उपरांत आरोपियों की धर पकड़ तेज की गई।

आरोपी युवकों की पहचान नंदई कोठार पारा निवासी कृष्णा सोनकर पिता स्व. लखन सोनकर (31 वर्ष) व चन्द्रकांत निषाद पिता उदयराम निषाद (35 वर्ष) वार्ड नं. 14 बल्देवबाग के रूप में हुई। पुलिस ने उन्हें धर-दबोचा है। थाना प्रभारी श्री देवांगन ने बताया कि दोनों आरोपी लूटे गए पैसों के बारे में नहीं बता रहे है। उन्हें कल न्यायालय में पेश कर रिमांड में भेजा जाएगा।

# 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव 5 मार्च। राज्य शासन के निर्देशानुसार महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 8 मार्च दिन शुक्रवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।







# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में महाशिवरात्रि पर्व पर द्वादश ज्योर्तिलिंगों का रुद्राभिषेक 8 मार्च को

## अंचल सहित देशभर के शिवभक्तों के लिए ब्रम्हमुहूर्त में खुल जाएंगे पट

राजनांदगांव (दावा)। मानव सेवा एवं जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा हिन्दू पंचांग के अनुसार 8 मार्च शुक्रवार को भगवान भोलेनाथ की महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ स्थित विश्व के सबसे बड़े ज्योर्तिलिंग में विराजमान द्वादश ज्योर्तिलिंगों के साथ स्फटिक के पातालेश्वर महादेव व पारे के विशाल शिवलिंग का महारुद्रा अभिषेक रात्रि 10 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें श्रद्धालुगण भी हिस्सा ले सकते हैं।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि अखिल भारतीय चतुर्-सम्प्रदाय के श्रीमहंत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से नगर में बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ स्थापित किया गया है। जिसमें वर्षभर जनकल्याण व मानस सेवा के साथ ही समय समय पर विभिन्न पर्वो पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी पर इस वर्ष भी 8 मार्च शुक्रवार को पढ़ने वाली महाशिवरात्रि के अवसर पर रात्रि 10 बजे से विश्व शांति व जनकल्याण के लिए सिद्धपीठ स्थित विशाल 108 फीट ऊंचे शिवलिंग के प्रथम तल गर्भगृह में विराजमान दुर्लभ स्फटिक के आकर्षक पातालेश्वर महादेव व तृतीय तल पर विशालकाय भोलेनाथ शिवशंकर के साथ विराजमान द्वादश ज्योर्तिलिंगों के साथ पारे के पारदेश्वर महादेव का महारुद्रा अभिषेक आयोजित है। भगवान भोलेनाथ का यह रुद्राभिषेक दूध, दही, पंचामृत, शुद्ध घी, अष्टगंध, शहद, गंगाजल, सुगंधित इत्र एवं शुद्ध जल से विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के मध्य किया जाएगा। जिसमें भगवान भोलेनाथ के द्वादश ज्योर्तिलिंगों के विशेष श्रृंगार, हवन एवं महा आरती भी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा सिद्धपीठ प्रातः ब्रम्हमुहूर्त में अंचल सहित देशभर से आनेवाले शिवभक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। जिसमें भक्त पूजा, अर्चना, अभिषेक कर सकेंगे। संस्था द्वारा चौथे पहर रात्रि में अपने सदस्यों व श्रद्धालुओं के लिए महारुद्राभिषेक का आयोजन करेगी।



इसकी तैयारियों को लेकर पिछले दिनों से संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, गुरुचरण सिंह छाबड़ा, सूरज जोशी, आलोक जोशी, कुलबीर सिंह छाबड़ा, योगेन्द्र पांडे, बलविंदर सिंह भाटिया, कमलेश सिमनकर, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल, दामोदर अग्रवाल के अलावा अन्य सदस्यगण लगे हुए हैं। संस्था द्वारा आम श्रद्धालुओं व गुरु परिवार के सदस्यों से भगवान भोलेनाथ के महारुद्राभिषेक व अनुष्ठान में सम्मिलित होने की अपेक्षा की गई है।







**जमीन बेचना है**

कोटरा जय बाबा राईस मिल के पास बांधाबाजार, जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी में 2 एकड़ 39 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है.

-: संपर्क :-
मो.-9479006044
9424106868

**प्लाट बेचना है**

शानदार लोकेशन बसंतपुर राजनांदगांव में प्लाट 25x50 के उपलब्ध है.

-: संपर्क करें :-
मो.-6261339229

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com